रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-116 | कोलकाता, सोमवार 24 जून 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

## दुनिया देखेगी इंडियन वायुसेना का दमखम

# दहाड़ेंगे राफेल, तेजस और अपाचे...



### 10 देशों के साथ भारत रचेगा तरंग शक्ति, पूरी है तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले भारतीय वायुसेना 'तरंग शक्ति' अभ्यास का आयोजन करने जा रही है। इस अभ्यास में कम से कम 10 देश भाग लेंगे।

इस कदम का उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाना है। वायुसेना की ओर से एक बयान में कहा गया, वे तरंग शक्ति अभ्यास का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि ये देश का पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास होगा। वायुसेना के मुताबिक, इसका उद्देश्य उन देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना है जिनके साथ भारतीय वायुसेना (आईएएफ) नियमित संचार और संबंध बनाए रखती है। इससे पहले, तरंग शक्ति अभ्यास की योजना 2023 के अंत के लिए बनाई गई थी मगर यह योजना पूरी नहीं हो सकी। इससे पहले वायुसेना ने पिछले फरवरी में वायु शक्ति अभ्यास का आयोजन किया था। पोखरण रेंज अभ्यास में राफेल, मिराज-2000, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टरों ने भाग लिया।

12 मार्च को पोखरण में वायु शक्ति अभ्यास आयोजित किया गया था, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद थे। तभी तरंग शक्ति के संगठन की गूंज सुनाई दी। तरंग शक्ति अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाना है। पहला अगस्त के पहले दो सप्ताह में है, यह दक्षिण भारत में आयोजित होगा। दूसरा अभ्यास सितंबर के मध्य में निर्धारित है, यह देश के पश्चिमी हिस्से में होगा।

कुछ देश अभ्यास के दोनों चरणों में भाग लेंगे। भारतीय वायु सेना कुल तीन बड़े पैमाने पर वायर गेम्स आयोजित करने की योजना बना रही है। इनके नाम वायु शक्ति, गगन शक्ति और तरंग शक्ति हैं। इन अभ्यासों का उद्देश्य तीनों रक्षा बलों के बीच समन्वय बनाए रखना है।

## तेज हवाओं के बीच आरएलवी पुष्पक की सफल लैंडिंग

- इसरो ने एक बार फिर कर दिया कमाल, चित्रदुर्ग में उतरा विमान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इसरो ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने आरएलवी पुष्पक की सफल लैंडिंग कर दी है। इसरो ने रविवार को रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की लगातार तीसरी बार लैंडिंग



एक्सपेरीमेंट में सफलता हासिल की। इससे पहले 22 मार्च को इसरो ने इसकी दूसरी सफल लैंडिंग की थी। रविवार को लैंडिंग के बाद इसरो ने कहा कि लैंडिंग के लिए काफी मुश्किल परिस्थितियां पैदा की गई थी लेकिन, चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में तेज हवाओं के बीच ऑटोमैटिक लैंडिंग कराई गई। जानकारी के अनुसार, इसरो की तरफ से आरएलवी पुष्पक विमान का परीक्षण सुबह 7.10 बजे बेंगलुरु से लगभग 220 किमी दूर चित्रदुर्ग जिले के चल्लाकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में किया गया था।

## सुरक्षाबलों ने नाकाम की उरी में घुसपैठ की कोशिश

- 2 आतंकवादी हो गए ढेर, सेना का सर्च अभियान जारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घुसपैठ की ये कोशिश



नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि वहां अभी गोलीबारी जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उरी सेक्टर के गोहल्लां इलाके में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। ऐसी खबरे हैं कि सेना ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। बारामूला के गोहल्लां उरी सेक्टर में आज तड़के घुसपैठियों की कोशिश को उस समय नाकाम कर दिया गया जब वे सीमा पार से घुसने की फिराक में थे।

## सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल के भाई सूरज भी गिरफ्तार

- जेडीएस कार्यकर्ता ने ही लगाए हैं यौन उत्पीड़न के आरोप

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में कर्नाटक पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। यौन उत्पीड़न के एक मामले में जनता दल (सेक्युलर) के एमएलसी सूरज रेवन्ना को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने उनके भाई और यौन अपराध के आरोपी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार



किया था। आपको बता दें कि प्रज्वल के भाई पर एक शख्स ने अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। हासन जिले के होलेनरसिपुरा पुलिस थाने में जेडीएस के एक कार्यकर्ता द्वारा सूरज रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि सूरज ने 16 जून को उसके फार्महाउस पर उसका यौन उत्पीड़न किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि सूरज रेवन्ना ने उसे अपने फार्महाउस पर बुलाया था और उसने जबरदस्ती उसे चूमा और उसके होंठ और गाल काटे। शिकायत मिलने के बाद हसन पुलिस ने अप्राकृतिक यौन कृत्य से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 के तहत मामला दर्ज किया।

# 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का आगाज आज से

- नए सदस्य लेंगे शपथ, पहले दिन ही हो सकता है विवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल सोमवार से शुरू हो जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। वहीं लोकसभा स्पीकर के पद के लिए चुनाव भी होंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव बाद यह पहला लोकसभा सत्र होगा। 18वीं लोकसभा में एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। पीएम मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग-अलग



राज्यों के सांसद एल्फाबेटिकल ऑर्डर में शपथ लेंगे यानी असम के सांसदों का क्रम सबसे पहले आएगा वहीं पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे। सोमवार को मंत्रिपरिषद समेत 280 नवनिर्वाचित सांसद ही शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन (25 जून) 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। सत्र के पहले दिन ही बीजेपी नेता और सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद हो सकता है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद पहुंचेंगे और सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ/प्रतिज्ञान दिलाने में महताब की सहायता के लिए के सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (डीएमके), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (दोनों भाजपा) और सुदीप बंद्योपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है।

## बिहार ही नहीं, महाराष्ट्र से भी जुड़े नीट पेपर लीक के तार

- दो शिक्षकों से शुरू हुई पूछताछ, प्राइवेट कोचिंग भी चलाते हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** मेडिकल एंट्रेस एग्जाम नीट की परीक्षा में धांधली मामले के तार केवल बिहार नहीं बल्कि महाराष्ट्र से भी जुड़े हुए हैं। इस मामले में दो शिक्षकों से पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक मामले में संलिप्तता के संदेह में आतंक रोधी दस्ते ने संजय तुकाराम जाधव और जलील उमर खान पठान को हिरासत में लिया है। ये दोनों ही नांदेड़ के रहना वाले हैं। ये दोनों ही जिला परिषद के स्कूल में पढ़ाते हैं और अपनी प्राइवेट कोचिंग भी चलाते हैं। सूत्रों का कहना है कि कई घंटों की पूछताछ के बाद इन दोनों को ही छोड़ दिया गया। उनसे कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से बुलाया जा सकता है। विवाद जारी है।

## अब सीबीआई करेगी नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच

### देशभर में जारी बवाल के बाद सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में जारी विवाद के बीच शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला किया है। मंत्रालय ने नीट (यूजी) परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया है। इससे पहले यूजीसी-नेट एग्जाम की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। जानकारी के अनुसार, छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई और ईडी जांच की मांग की थी। इस परीक्षा में शामिल हुए 10 छात्रों की ओर से दायर याचिका में बिहार पुलिस को मामले की जांच में तेजी लाने और




सुप्रीम कोर्ट के सामने रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता परीक्षा रद्द होने के परिणामों से पूरी तरह वाकिफ हैं, लेकिन उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। याचिका के अनुसार, 'वर्ष 2024 की नीट-यूजी परीक्षा में कई अन्य अनियमितताएं थीं, खासकर उम्मीदवारों को समय पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने में अधिकारियों की ओर से घोर लापरवाही बरती गयी।' याचिका में कहा गया है, 'कुछ जगहों पर प्रश्नपत्रों का गलत सेट वितरित किया गया और बाद में वापस मांग लिया गया।'

## अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में फटा बादल

**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदेश में पिछले कुछ हफ्तों से भारी बारिश हो रही है लेकिन पिछले



दो दिनों में स्थिति में सुधार हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं किया गया था। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे बादल फटने की घटना के बाद ईटानगर के कई हिस्सों में और उसके आसपास के इलाकों से भूस्खलन की खबरें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। उन्होंने

- कई जगहों पर भूस्खलन, बाढ़ जैसे बन गए हालात

बताया कि जिला प्रशासन ने 7 स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है, क्योंकि प्रभावित लोगों और जिलों की संख्या में कमी आई है। इस बीच, आपदा से 2 और लोगों की मौत हो गई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बुलेटिन में कहा गया कि पिछले 24 घंटों में राज्य में दो लोगों की मौत हुई है जिससे इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या 39 हो गई है।

## न्यायपालिका के लिए भी मुसीबत बन गई मणिपुर हिंसा

- अब हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल ने भी जताई चिंता



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल ने हिंसा की वजह से न्यायपालिका में पैदा हुई अव्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंसा की वजह से राज्य सरकार कोर्ट के आदेशों का पालन करने में ठीक से सक्षम नहीं है। इसके अलावा न्यायपालिका की सुरक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर डिमांड भी पूरी नहीं हो पा रही है।

## मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

### नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बने, पहले कहा था-मैच्योर नहीं हैं

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार की समीक्षा के लिए रविवार को अहम बैठक की। बैठक के दौरान मायावती अपने भतीजे आकाश आनंद के सिर पर हाथ रख आशीर्वाद देती नजर आईं। इसके कुछ देर बाद आकाश आनंद की बसपा में फिर वापसी ऐलान हुआ। मायावती ने आकाश आनंद को फिर अपना उत्तराधिकारी बनाया। आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद दिया है। दरअसल, भतीजे आकाश आनंद की रिलांचिंग की तैयारी पहले से चल थी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने समीक्षा बैठक से पहले ही इसका संकेत दे दिया था। मायावती ने बीते दिन शनिवार को भतीजे आकाश आनंद को पंजाब और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया है। बसपा नेता आकाश आनंद को स्टार प्रचार की लिस्ट में दूसरे स्थान पर जगह मिली है। आपको बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी 20 स्टार प्रचारकों की



सूची में उन्हें दूसरे नंबर का स्टार प्रचारक बनाया था। स्टार प्रचारक बनाए जाने से चंद महीने पहले मायावती ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लोकसभा चुनाव में आकाश आनंद की सबसे अधिक सभाएं भी यूपी में लगाई गईं।

# भले बिजली, सड़क न हो, फिर भी कांग्रेस को वोट देते हैं मुस्लिम

### अल्पसंख्यकों को लेकर फिर हमलावर हुए असम के सीएम हिमंता

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को मुसलमानों के खिलाफ एक बार फिर जहर उगला है। उन्होंने दावा किया है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बांग्लादेश मूल के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कांग्रेस को भारी संख्या में वोट दिया है। उन्होंने कहा है कि इन लोगों ने केंद्र और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों द्वारा उनके लिए किए गए विकास कार्यों को अनदेखा किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह असम का एकमात्र समुदाय है जो सांप्रदायिकता में लिप्त है। बीजेपी के असम मुख्यालय में विजयी उम्मीदवारों के स्वागत समारोह में बोलते हुए हिमंत सरमा ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन को लगभग 47



प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को 39 प्रतिशत वोट मिले। भाजपा-एजीपी-यूपीपीएल गठबंधन ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस ने बची हुई तीन सीटें जीतीं। उन्होंने दावा किया, अगर हम कांग्रेस के 39 प्रतिशत वोटों का विश्लेषण करें तो यह पूरे राज्य में नहीं फैला है। इसका पचास प्रतिशत हिस्सा 21 विधानसभा क्षेत्रों में केंद्रित है, जो अल्पसंख्यक बहुल हैं। इन अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में बीजेपी को केवल 3 प्रतिशत वोट मिले। मुख्यमंत्री ने बिना किसी संप्रदाय का नाम लिए बिना कहा, इससे साबित होता है कि हिंदू सांप्रदायिकता में लिप्त नहीं हैं।

### अगले 10 सालों में राज्य को नियंत्रित करना चाहते हैं

सीएम हिमंत ने आगे कहा, करीमगंज को छोड़कर, अगर हम बांग्लादेशी मूल के लोगों की बहुलता वाले केंद्रों को देखे, तो 99 प्रतिशत वोट कांग्रेस को गए हैं। सरमा ने दावा किया, वे (अल्पसंख्यक लोग) भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए घरों में रह रहे हों, मोदी द्वारा दी गई बिजली और स्वच्छता सुविधाओं का लाभ उठा रहे हों, लेकिन जब वे वोट देने जाते हैं, तो वे कांग्रेस को वोट देते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी मूल के इस समुदाय को लोग कांग्रेस को ही वोट देंगे क्योंकि वे अगले 10 सालों में राज्य को नियंत्रित करना चाहते हैं। सरमा ने आरोप लगाया कि समुदाय के सदस्यों ने लखीमपुर, बारपेटा के एक गांव में एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया और कोकराझार में जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, जब भाजपा सरकार नहीं होगी, तो कोई केवल कल्पना कर सकता है कि इस तरह के कितने हमले होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने इस लोकसभा चुनाव में 126 विधानसभा क्षेत्रों में से 92 पर जीत हासिल की, जो राज्य में किसी भी सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए अब तक की सबसे बड़ी जीत थी।

## अब और ताकतवर होगी नौसेना, खरीदेगी तापस ड्रोन

- समुद्र की निगरानी भी होगी अचूक, जल्द होगा आर्डर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना देश के भीतर बने वेपन सिस्टम को लगातार बढ़ावा देने में जुटी है। इसी कड़ी में नेवी अब डीआरडीओ की ओर से निर्मित 4 तापस ड्रोन के लिए ऑर्डर देने को तैयार है। नौसेना समुद्री क्षेत्र पर




निगरानी के लिए इन ड्रोन का इस्तेमाल कर सकती है। रक्षा अधिकारियों ने बताया, भारतीय नौसेना चार तापस ड्रोन का ऑर्डर देने जा रही है। इनका इस्तेमाल समुद्री निगरानी ऑपरेशन के लिए किया जा सकता है। ये ड्रोन भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की टीम ने मिलकर तैयार किया है।

# टीएमसी, कांग्रेस, डीएमके ने हाथ मिलाया, भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की मदद का प्रस्ताव ठुकराया




**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता कांग्रेस सांसद के सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और डीएमके के टीआर बालू को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की सहायता के लिए दी गई भूमिकाओं को इंडिया ब्लॉक खारिज कर सकता है। तीनों दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद शनिवार को यह फैसला लिया गया। इंडिया ब्लॉक ने इस बात का कड़ा विरोध किया है कि जिस तरह से केरल से आठ बार के सांसद सुरेश को नजरअंदाज कर कटक से सात बार के विधायक भाजपा सांसद महताब को चुना गया है, उसका सबसे वरिष्ठ सांसद को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाता है। प्रोटेम स्पीकर और उनकी सहायता के लिए नियुक्त किए गए लोग 24 जून से 26 जून तक नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। लोकसभा में 26 जून को अध्यक्ष का चुनाव होने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अध्यक्ष के चुनाव तक महताब को लोकसभा के पीठासीन अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया था।

सुरेश, बालू, बंद्योपाध्याय और भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते जैसे वरिष्ठ सांसदों के एक पैनल को महताब की सहायता के लिए नियुक्त किया गया था। तृणमूल के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा- ÷हमने अपना विरोध दर्ज कराने का फैसला किया है। जिस तरह से सुरेश को नजरअंदाज किया गया - वह न केवल आठ बार के सांसद हैं, बल्कि दलित भी हैं - संसदीय मानदंडों को धता बताते हुए भाजपा सांसद को चुनना गलत है। प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए नियुक्त इंडिया ब्लॉक के कोई भी सांसद अपनी भूमिका नहीं निभाएंगे। शनिवार को एक संयुक्त बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।÷ हालांकि, भाजपा का कहना है कि सुरेश के आठ कार्यकाल (अदूर से चार और मावेलीकारा से चार) बिना किसी रुकावट के नहीं आए, लेकिन महताब 1998 से लगातार कटक से जीतते आ रहे हैं। जबकि उन्होंने बीजद उम्मीदवार के रूप में छह बार जीत हासिल की, उन्होंने 2024 में भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की। ??सोमवार को शुरू होने वाले लोकसभा के विशेष सत्र से पहले, यह दूसरा उदाहरण भी है जब तृणमूल, कांग्रेस और डीएमके ने संयुक्त रूप से भाजपा से मुकाबला करने का संकल्प लिया है। इससे पहले, बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून संहिताओं को लागू करने की जल्दबाजी और मनमाने ढंग से की जा रही कोशिशों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। कांग्रेस और डीएमके ने भी पिछले नवंबर में विधेयकों का विरोध करते हुए असहमति पत्र प्रस्तुत किए थे।

## एसटीएफ ने शहादत-ए-अल-हिकमा आतंकी संगठन से संबंध रखने के आरोप में कॉलेज छात्र को गिरफ्तार किया

**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पश्चिम बर्धमान जिले के पानागढ़ इलाके से एक कॉलेज छात्र को गिरफ्तार किया है और पांच अन्य को बांग्लादेश स्थित एक आतंकी संगठन से कथित संबंधों के आरोप में हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर साइंस के द्वितीय वर्ष के छात्र को शनिवार देर शाम उसके पानागढ़ स्थित आवास से बांग्लादेश के प्रतिबंधित इस्लामी संगठन शहादत-ए-अल-हिक्मा से कथित संबंधों के आरोप में हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने उसी जिले के नबाबघाट इलाके से पांच और लोगों को गिरफ्तार किया। एसटीएफ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ÷गिरफ्तार व्यक्ति पश्चिम और पूर्व बर्धमान जिलों से युवकों को आतंकी संगठन में भर्ती करने की कोशिश कर रहा था। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके संपर्क में कौन-कौन लोग थे।÷ उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच अन्य लोगों में गिरफ्तार व्यक्ति का भाई और चार अन्य शामिल हैं जो आतंकी संगठन में शामिल होने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि एसटीएफ ने छात्र का लैपटॉप और डायरी समेत कुछ दस्तावेज जब्त कर लिए हैं।शहादत-ए-अल-हिकमा बांग्लादेश में प्रतिबंधित इस्लामी आतंकवादी संगठन है।2016 में एनआईए ने जिले के कांकसा इलाके से एक छात्र को आईएसआई से कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया था।


## मेयर की चेतावनी के बाद टीएमसी पार्षदों को कारण बताओ नोटिस दी

**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता लोकसभा चुनावों के बाद केएमसी पार्षदों के एक वर्ग के बीच बढ़ते विवाद से नाराज तृणमूल कांग्रेस की अनुशासन समिति ने शुक्रवार को बोरो (XI) के चेयरमैन और वार्ड 104 के पार्षद तारकेश्वर चक्रवर्ती और वार्ड 110 के पार्षद स्वराज मंडल को वाकयुद्ध के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंडल पर बोरो चेयरमैन के वफादार तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा पाटुली स्थित उनके कार्यालय में कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। शुक्रवार रात दोनों के अरूप बिस्वास से मुलाकात के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा गया। तृणमूल कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी अनुशासन समिति की ओर से बिस्वास ने कारण बताओ नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। चक्रवर्ती ने नोटिस मिलने की बात स्वीकार की और कहा कि वह अपना जवाब भेजेंगे, लेकिन मंडल ने टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा भेजे गए कॉल या संदेशों का जवाब नहीं दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि वह पूरे प्रकरण से परेशान हैं, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धक्का पहुंचा है और एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी छवि को धूमिल करने वाले निराधार आरोप लगाने के बाद उनका परिवार अपमानित महसूस कर रहा है। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मानिकतला के एक पार्षद को एक परिसर में जाकर उसके निवासियों से माफी मांगने का निर्देश देने के कुछ दिनों बाद हुआ है, क्योंकि आरोप लगाया गया था कि चुनाव परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद तेज आवाज में संगीत बजाया गया और पार्टी के झंडे लगे कई ऑटो परिसर में घुस आए। तृणमूल के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों और वार्डवार चुनाव विश्लेषण के बाद पार्टी पार्षदों के बीच झगड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा, ÷हम कोलकाता के 46 वार्डों में पिछड़ गए हैं। जो पार्षद बेहतर प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं, उनकी या तो आलोचना हो रही है या वे अनावश्यक रूप से आक्रामक हो रहे हैं।÷ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 311(2) के तहत संवैधानिक संरक्षण पर जोर देते हुए प्रशिक्षण अधिकारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। खंडपीठ ने इस फैसले को बरकरार रखा और अधिकारियों को कानून के तहत नए सिरे से आगे बढ़ने की स्वतंत्रता दी। जन सेना के नेताओं ने अनधिकृत निर्माण की शिकायत की। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सैंडपेपर-गेट घटना के कारण अपनी दागदार विरासत पर विचार किया, जिसका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले टी20 विश्व कप जीतकर अपने करियर का सकारात्मक अंत करना है।

## मुर्शिदाबाद में दसवीं कक्षा के छात्र ने स्कूल में बंदूक दिखाई, दो गिरफ्तार

**कोलकाता,एजेन्सी।** बेहरमपुर मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में शनिवार को दसवीं कक्षा का एक छात्र स्कूल में पिस्तौल लेकर आया और अपने दोस्तों को दिखाया, जिससे छात्रों और शिक्षकों में दहशत फैल गई। शिक्षक कक्षा में पहुंचे और लोडेड बंदूक बरामद की और पुलिस को सूचना दी। जैसे ही पुलिस अंदुलबेरिया हाई स्कूल पहुंची और खबर फैली, चिंतित माता-पिता इलाके में पहुंचे। पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन छात्रों को हिरासत में लिया, लेकिन बाद में दो दसवीं कक्षा के छात्रों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। दोनों छात्रों ने कथित तौर पर शुक्रवार को स्कूल के चौकीदार को जान से मारने की धमकी दी थी, जब उसने उनसे साइकिल की सीट ले जाने के बारे में पूछा और अपने शिक्षकों को इसकी सूचना दी। मुख्य आरोपी ने सभी आरोपों से इनकार किया और कहा- ÷हमने किसी को हत्या की धमकी नहीं दी। मुझे पिस्तौल एक झाड़ी में मिली और मैं उसे स्कूल ले गया।÷ कुछ अभिभावकों ने शिकायत की कि स्थानीय पंचायत प्रधान के भतीजे आरोपी छात्र ने घर से बंदूक ली थी। अभिभावक मुस्तफिजुर रहमान ने कहा- ÷हम डरे हुए हैं क्योंकि एक लड़का पिस्तौल लेकर स्कूल में घुस आया। कुछ भी हो सकता था।÷ चौकीदार जहाँगीर मोल्ला ने बताया- ÷मैंने शुक्रवार को दो छात्रों को साइकिल की सीट लेकर स्कूल से निकलते देखा और उन्हें रोका। उन्होंने मुझे जान से मारने की धमकी दी और उनमें से एक पिस्तौल लेकर आया।÷ प्रभारी शिक्षक जहाँगीर आलम ने कहा कि 2,500 छात्रों पर हमेशा नज़र रखना मुश्किल था। उन्होंने कहा, ÷हमने सोमवार से प्रार्थना के दौरान और अपनी कक्षाओं में जाने के दौरान हर छात्र की जाँच करने का फ़ैसला किया है।÷

## अपने गढ़ में क्यों हारे अधीर रंजन चौधरी? कांग्रेस की आंतरिक रिपोर्ट में सामने आया ये बड़ा कारण




**कोलकाता,एजेन्सी।** कांग्रेस की बंगाल इकाई की आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में पार्टी का जनाधार कम होने का तथ्य सामने आया है। इसी वजह से बहरामपुर में बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी चुनाव हार गए। पार्टी ने अपनी आतंरिक रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि बहरामपुर में मुस्लिमों की एक बड़ी आबादी है, जो लंबे समय से अधीर के पक्ष में मतदान करती आई है। इस बार उन्होंने अधीर का साथ नहीं दिया। यूसुफ पठान जैसा मजबूत मुस्लिम प्रत्याशी देखकर उन्होंने पाला बदल लिया। वहीं स्थानीय कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बहरामपुर में इस बार वोटों का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण अधीर की हार का कारण बना। हार के बाद अधीर ने भी कहा था कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा की हिंदू-मुस्लिम की राजनीति के कारण उनकी हार हुई है।

## विधायकों की शपथ को लेकर स्पीकर और राज्यपाल के बीच पत्र युद्ध , विधानसभा अध्यक्ष ने तकरार पर जताई नाराजगी




**कोलकाता,एजेन्सी।** विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ को लेकर राजभवन और विधानसभा में पत्र युद्ध शुरू हो गया है। विधानसभा स्पीकर ने गुरुवार को राज्यपाल को एक लंबी चिट्ठी भेजकर शपथ को लेकर शुरू हुई तकरार पर नाराजगी जताई है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राजभवन और स्पीकर के बीच टकराव में जो स्थिति उत्पन्न हुई, उसके बाद संसदीय कार्य विभाग ने शपथ ग्रहण को लेकर चुप्पी साध ली है। संसदीय कार्य विभाग के बजाय, विधानसभा सचिवालय ने राज्यपाल की शपथ ग्रहण की मंजूरी देने के लिए एक पत्र भेजा है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का दिया हवाला

लेकिन विधानसभा तक पहुंचे राजभवन के जवाब से गुत्थी नहीं सुलझी, बल्कि स्पीकर ने इस संबंध में नियमों का हवाला देते हुए राज्यपाल को जवाबी पत्र भेजा है। इस पत्र में बिमान ने सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों का हवाला देते हुए शपथ पर संवैधानिक प्रथा को संवैधानिक कानून के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया है।झ शपथ के अनुरोध वाले विधानसभा के पहले पत्र के जवाब में राजभवन ने दो दिन पहले पत्र भेजकर तीन जानकारियां मांगी थीं। पत्र में शपथ के बारे में कुछ भी जिक्र नहीं किया गया। पत्र में विधानसभा में सबसे उम्रदराज़ महिला विधायक, सबसे उम्रदराज अनुसूचित और आदिवासी विधायक और इस समय सबसे कम उम्र के विधायक का नाम बताने को कहा गया था। उस पत्र के मिलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सीधे इस मामले में हस्तक्षेप किया।

### स्पीकर ने राजभवन के पत्र को बताया अपमानजनक

राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में स्पीकर ने विधानसभा और राजभवन की अलग-अलग संवैधानिक स्थिति की याद दिलाई है। स्पीकर ने राजभवन की ओर से भेजे गए पत्र को अपमानजनक बताया। उन्होंने यह भी लिखा कि शपथ नहीं ले पाने के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि अपने ही केंद्र के लोगों की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। राज्यपाल को इस स्थिति पर विचार करना चाहिए और जल्द से जल्द शपथ ग्रहण प्रक्रिया पूरी हो इसमें उचित भूमिका निभानी चाहिए।

## बांग्लादेश ने कोलकाता में उच्च स्तरीय सीमा समन्वय वार्ता शुरू की


**कोलकाता,एजेन्सी।** भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के बीच 20वां महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल क्षेत्रीय कमांडर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन शनिवार को कोलकाता में शुरू हुआ । इस सम्मेलन में भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल सीमा विवाद, सीमा पार अपराध, अवैध घुसपैठ और सीमा प्रबंधन से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ब्रिगेडियर जनरल शमीम अहमद, एसजीपी, एसपीपी, पीबीजीएम, अतिरिक्त महानिदेशक, क्षेत्र कमांडर, दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र, जेसोर के नेतृत्व में बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह आईसीपी पेट्रापोल से भारत पहुंचा।

पेट्रापोल पहुंचने पर उनका स्वागत बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय कोलकाता के डीआईजी ने किया और बीएसएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसके बाद वे कोलकाता के लिए रवाना हो गए। उनके साथ ब्रिगेडियर जनरल खंडेकर शफीकुज्जमां, पीएससी, क्षेत्र कमांडर, रंगपुर, उत्तर पश्चिम क्षेत्र, रंगपुर और 10 अन्य प्रतिनिधि भी गए हैं। श्री आयुष मणि तिवारी, आईपीएस, आईजी, बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के नेतृत्व में 14 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिगेडियर जनरल शमीम अहमद, एसजीपी, एसपीपी, पीबीजीएम, एडीडीएल डीजी, क्षेत्र कमांडर, एसडब्ल्यू के नेतृत्व में 11 सदस्यीय बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। आज शुरू हुए इस सम्मेलन में दोनों बलों के बीच सीमा पार अपराध के खिलाफ संयुक्त प्रयास, सीमा क्षेत्र के लंबित विकास कार्य और अवैध सीमा पार आवाजाही को रोकने के उपायों सहित प्रभावी सीमा प्रबंधन के लिए आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई इस तरह के सम्मेलन सीमा पर अधिक सुरक्षित माहौल को बढ़ावा देने, क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सम्मेलन में भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने और सहयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। (एएनआई)

## बच्चा चोरी के शक में अब भीड़ ने युवती की पिटाई की, बंगाल के बारासात इलाके में थम नहीं रही पिटाई की घटनाएं

**कोलकाता,एजेन्सी।** राजधानी कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के बारासात अनुमंडल इलाके में पिछले कुछ दिनों से बच्चा चोरी के शक में सामूहिक पिटाई की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में अब बारासात के अशोकनगर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्णपुर ग्राम पंचायत में बच्चा चोरी के संदेह में शुक्रवार शाम स्थानीय लोगों की भीड़ ने एक युवती की जमकर पिटाई कर दी।

## हावड़ा ब्रिज पर चढ़ा बिहार का युवक, कड़ी मशक्कत के बाद उतारा गया नीचे; क्या था कारण?



**कोलकाता।** बंगाल में कोलकाता को हावड़ा से जोड़ने वाली हुगली नदी पर बने ऐतिहासिक हावड़ा ब्रिज की सुरक्षा में लगी एजेंसियों को एक बार फिर धत्ता बताते हुए शनिवार को एक युवक ब्रिज के उपर चढ़ गया। इसकी सूचना मिलते ही व्यस्त हावड़ा ब्रिज और उसके आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद नार्थ पोर्ट थाने की पुलिस तुरंत सक्रिय हुई।

### घंटे की मशक्कत के बाद नीचे उतारा गया

पुलिस व दमकल कर्मियों की तत्परता से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। युवक को चिकित्सकीय जांच के लिए कोलकाता स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। युवक की पहचान विश्वकर्मा कुमार (27), पिता-अवधेश शाह के रूप में हुई है। वह बिहार के सिवान जिले के छपिया बुजुर्ग गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। वह ब्रिज पर क्यों चढ़ा इस बारे में पुलिस को कोई सटीक उत्तर नहीं दिया है। वह कथित रूप से मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को किसी ने सूचना दी कि हावड़ा ब्रिज के उपर पर एक व्यक्ति घूम रहा है।

## वीआईपी रोड के किनारे जलाशयों के किनारे 3 और जैव विविधता पार्क बनाए जाएंगे

**कोलकाता,एजेन्सी।** वीआईपी रोड पर बांगुर से दमदम पार्क तक एक गड्ढे को जैव विविधता पार्क में बदलने की सफलता के बाद, राज्य पीडब्ल्यूडी ने वीआईपी रोड पर लेक टाउन और बांगुर के बीच जल निकायों के साथ दक्षिणदारी और गोलाघाटा में तीन और जैव विविधता पार्क विकसित करने का खाका तैयार किया है। अधिकारियों ने कहा कि इसका उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ाना और बनाए रखना है, बल्कि लोगों के लिए हरे-भरे परिवेश और जलाशयों में ताजी हवा लेने के लिए बड़े खुले हवा के अवकाश स्थल बनाना है। ÷प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट राज्य सरकार के समक्ष मंजूरी के लिए रखी गई है। योजना वीआईपी रोड से इन जल निकायों के हिस्सों को बांगुर से दमदम पार्क खंड की तर्ज पर जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित करने की है, जो सफल रहा है। कई लोग शाम के समय आराम से टहलने और ताजी हवा लेने के लिए इस जगह पर आते हैं, ÷एक अधिकारी ने कहा। लेक टाउन से बांगुर जल निकाय खंड का कुछ साल पहले जीर्णोद्धार किया गया था, लेकिन जीर्णोद्धार ज्यादा समय तक नहीं चला। दक्षिणारी में 500 मीटर लंबा और 50 मीटर चौड़ा एक बड़ा तालाब और

गोलाघाटा में देवी घाट वाला यह खंड भी जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित करने के लिए डीपीआर में शामिल किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि बांगुर में विकसित जैव विविधता पार्क पहले एक गड्ढा था। इस जगह पर अंधाधुंध कचरा और कूड़ा फेंका जाता था, इसलिए कायाकल्प की योजना बनाई गई। जल निकाय को अच्छी तरह से साफ कर दिया गया है। जल निकाय के दोनों किनारों पर रोशनी वाली रोशनी और व्यापक वृक्षारोपण के साथ एक लंबा रास्ता बनाया गया है जिसमें कई प्रकार के पेड़ लगाए गए हैं। एक अधिकारी ने कहा, ÷इसी तरह से पहचाने गए तीन जल निकाय खंडों को भी विकसित करने की योजना है।÷ अधिकारियों ने कहा कि वीआईपी रोड से दूर कई खाली भूखंड भी हैं, जिन्हें छोटे पार्क और उद्यान विकसित करके सुंदर बनाया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा, ÷केस्तोपुर से बागुइती जोरामंदिर तक वीआईपी रोड पर कई खाली प्लॉट हैं, जहां बच्चों के पार्क या गार्डन बनाने के लिए सौंदर्यीकरण का काम किया जा सकता है,

जहां लोग टहल सकते हैं और अपना खाली समय बिता सकते हैं।÷ कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने धंसने के बाद ढकुरिया पुल पर मिट्टी को मजबूत करने और स्थिरता का काम किया। शहर के सबसे पुराने पुलों में से एक, चूहों के संक्रमण की समस्या का सामना कर रहा था, जिससे इसकी भार वहन क्षमता प्रभावित हुई। विश्व वन्यजीव कोष की 2022 की एक रिपोर्ट में 1970 के बाद से वैश्विक मीठे पानी के कशेरुकी आबादी में 83त्न की खतरनाक गिरावट पर प्रकाश डाला गया है। पर्यावरण डीएनए (ईडीएनए) का विश्लेषण करने से मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में छिपे रहस्यों का पता चलता है, जो अधिक कुशल निगरानी की उम्मीद प्रदान करता है एनडीएमसी को शुक्रवार सुबह होने वाले कार्यक्रम में 6,000 लोगों के आने की उम्मीद है।

## वॉकर्स की चिंताओं के बाद, जीशू ने लेक क्रिकेट कैंप पर स्थिति स्पष्ट की



**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता केएमडीए से रवींद्र सरोबर में वंचित बच्चों के लिए खेल अकादमी विकसित करने के लिए लीज पर 3 एकड़ जमीन लेने वाले निजी संगठन ने मैदान को समतल करना और पिच तैयार करने के लिए घास लगाना शुरू कर दिया है। संगठन के निदेशकों में से एक जीशु सेनगुप्ता ने स्पष्ट किया है कि घास फिर से बिछा दिए जाने के बाद हरियाली वापस आ जाएगी। इससे पहले, अभिनेता को झील के प्रति उत्साही लोगों के एक वर्ग की आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिन्होंने विकास पर रोना रोया था, उनका दावा था कि हरियाली नष्ट हो रही है। उन्होंने साइट को सौंपने का विरोध किया था। कलकत्ता एंटरटेनमेंट क्लब फाउंडेशन की ओर से जीशु ने आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि सभी को पता है कि सरोबर में निर्माण प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा, ÷हम राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। हम और पेड़ लगाएंगे। हम मैदान के चारों ओर एक हरित बफर लगाएंगे। अगर काम के कारण एक भी पेड़ गलती से क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो हम प्रतिपूरक वृक्षारोपण करेंगे।÷ उन्होंने कहा कि मैदान की ऊपरी परत को खुरच कर निकाला जा रहा है क्योंकि यह आदर्श स्थिति में नहीं है।

अभिनेता ने कहा, ÷मौजूदा मैदान के नीचे ईंटें और पत्थर हैं। उन्हें हटाने की जरूरत है। जमीन के करीब 8-10 इंच हिस्से को खुरचने की जरूरत होगी। हमारा लक्ष्य मैदान को यू.के. काउंटी क्रिकेट मैदानों की तरह विकसित करना है, जिसमें हरे-भरे घास के कालीन बिछाए जाएंगे। घास के कालीन राज्य के बाहर से आएंगे।÷ लेक लवर्स फोरम, सेव रवींद्र सरोबर फोरम, सबुज मंच और अन्य गैर सरकारी संगठनों ने इस विकास पर नाराजगी जताई है। लेक लवर्स फोरम की सुमिता बनर्जी ने कहा, ÷मैदान को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। काम तुरंत रोका जाना चाहिए।÷ फोरम ने पहले एनजीटी को एक याचिका प्रस्तुत की थी, जिसमें हस्तक्षेप का आग्रह किया गया था। सेव रवींद्र सरोबर फोरम के पर्यावरणविद् सोमेंद्र मोहन घोष ने कहा, ÷इस इको-सेंसिटिव जोन में डीजल से चलने वाले अर्थ मूवर्स का संचालन किया जा रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।÷ सबुज मंच के महासचिव नबा दत्ता ने कहा, ÷हम इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं और झील के पर्यावरण की रक्षा के लिए पट्टे को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।÷ दत्ता ने पहले शहरी विकास मंत्री और केएमडीए के अध्यक्ष फिरहाद हकीम को अपनी मांगों के साथ एक पत्र भेजा था। सरोबर के संरक्षक केएमडीए ने कहा कि जमीन पर कोई निर्माण नहीं होगा। केएमडीए के एक अधिकारी ने कहा, ÷कोई पेड़ नहीं काटा जाएगा और संगठन की योजना भूखंड के चारों ओर झाड़ियाँ लगाने की है।÷ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की आलोचना की है कि वृक्षारोपण अभियान अप्रभावी है, जिससे गर्मियों में मौसम की स्थिति खराब हो रही है। मेयर रोहित मोनसेरेट ने स्मार्ट रोड परियोजना के लिए सेंट इनेज़ में स्मार्ट सिटी कार्यस्थल से कैंपल के परेड ग्राउंड में स्थानांतरित किए गए बरगद के पेड़ का अनावरण किया। कल्पना कीजिए पणजी स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड ने पेड़ों की देखभाल सुनिश्चित की और हरियाली बहाली के लिए एक सलाहकार समिति बनाई। कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण ने धंसने के बाद धाकुरिया पुल पर मरम्मत कार्य किया। चूहों के आक्रमण ने पुल की संरचना को कमजोर कर दिया।

## बहन के साथ दुष्कर्म करता रहा फुफेरा भाई, गर्भवती कर हुआ फरार; बच्चे को जन्म देकर नाबालिग मांग रही न्याय




**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के कमतौल थाना क्षेत्र के एक गांव में भाई और बहन की रिश्ते को तार-तार कर देने का मामला सामने आया है। नाबालिग लड़की ने अपने ही फुफेरे भाई पर दुष्कर्म कर गर्भवती कर देने की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इस मामले को लेकर पहले दिल्ली के केशुपुरम थाना में जीरो प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसके आधार दरभंगा के कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी ने लड़की ने कहा है कि आरोपी फुफेरा भाई अपनी मां के निधन के बाद करीब 10 वर्षों से उसके घर मे रहा करता था। इस दौरान एक रात उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया उसके बाद से डरा धमका कर लगातार वह दुष्कर्म करता रहा जब उसका मन भर गया तो वह उसका घर छोड़कर दिल्ली में ही रह रहे वह अपने पिता के घर चला गया।

## राजद नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मांगी इच्छा मृत्यु, वजह भी बताई, जानिए क्या लिखा

**सारण, एजेंसी।** राजद नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सपरिवार इच्छा मृत्यु की मांग की है। सको लेकर उन्होंने पत्र को पोस्ट और ईमेल के जरिए अपनी बात राष्ट्रपति के पास रखने की बात कही है। अब यह मामला काफी चर्चा में है। गोपालगंज के राजद नेता ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सपरिवार इच्छा मृत्यु की मांग की है। राजद नेता राजेश कुमार यादव का कहना है कि पिछ्ले एक साल पूर्व नामजदों द्वारा गोली मारने के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सपरिवार इच्छा मृत्यु की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने पत्र को पोस्ट और ईमेल के जरिए अपनी बात राष्ट्रपति के पास रखने की बात कही है।

### जानिए क्या और क्यों लिखा पत्र

इस मामले में बताया जाता है कि नगर थाना क्षेत्र के तुरकाहाँ निवासी चन्द्रिका यादव के पुत्र राजद के पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार



यादव ने राष्ट्रपति के पास भेजे गए एक पत्र में कहा है कि पिछ्ले एक साल पूर्व मेरे उपर जान मारने की नियत से हमला किया गया था। उस घटना की प्राथमिकी नगर थाना में कांड संख्या-523/23 के तहत दर्ज कराया गया है। परन्तु उक्त कांड के मुख्य अभियुक्त द्वारा इस कांड में जमानत अर्जी न्यायालय में दिया गया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

इसके बाद आरोपी मुझ पर धमकी के साथ दबाव बना रहा है कि तुम कांड का समझौता न्यायालय में कर लो वरना तुम्हारी हत्या करा देंगे। इस वजह से हम मानसिक रूप से तनाव में रहते है। मेरा व्यवसाय पूर्ण रूप से ठप हो गया है, जिससे परिवार में भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उक्त कांड का मुख्य अभियुक्त राजु पाण्डेय घुम-घूम कर बोल रहा है कि राजेश कुमार यादव का अब हत्या कर देंगे।

### पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

राजद नेता का कहना है कि उक्त कांड में मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी एक माह के अन्दर नहीं होता है तो हम पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर लेंगे, जिसका जिम्मेवार पुलिस कप्तान गोपालगंज होंगे। क्योंकि मैं कई बार पुलिस अधीक्षक के पास आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा चुका हूँ। स्थानीय थाना के द्वारा मुझे किसी प्रकार का सुरक्षा मुहैया नहीं कराया गया है, जिससे तंग आकर मैं यह कदम उठा रहा हूँ। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 6 जुलाई 2023 को मॉर्निंग वॉक के क्रम में बाइक सवार बदमाशो द्वारा गोली मार दी गई थी, जिसमें नामजद मामला दर्ज कराया गया था। कांड के एक साल पूरा होने को है बावजूद मुख्य अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त सेबाहर है। और मुझे धमकी दी जा रही है जिससे मैं डरा और सहमा हूं। तिल-तिल कर परेशान होने और उसके हाथो से मरने से अच्छा है कि मैं सपरिवार आत्महत्या कर लूं।

## संक्षिप्त समाचार

### भागलपुर बांका और जमुई में परिवहन विभाग की कार्रवाई, 126 ओवरलोड वाहन जब्त, 35 ट्रकों से 36 लाख जुर्माना वसूला



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में पहली बारओवरलोड वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। भागलपुर बांका और जमुई की टीम ने रात्रि के 11~00 बजे छापेमारी शुरू की जो शनिवार सुबह 7~00 तक चली। क्षेत्र में 20 घंटे की छापेमारी में 126 ओवरलोड वाहन जब्त किए गए और 35 ट्रकों से 36 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। छापेमारी में पुलिस खनन परिवहन व जिला प्रशासन के पदाधिकारी की टीम शामिल थी। भागलपुर सदर एसडीओ धनंजय कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया और इसके लिए सभी थानों को निर्देश जारी किए गए। भागलपुर अनुमंडल में 80 कहलगांव में 36 और नवगछिया में 10 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया। भागलपुर के शहरी क्षेत्र में पकड़े गए वाहनों को हवाई अड्डा परिसर में रखा गया है। एमबीआई निशांत कुमार ने बताया कि 35 ट्रकों से 36 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया है।

### जमुई में सनकी पति ने पत्नी को बीच सड़क पर चाकू मारकर हत्या की



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से कई बार वार किए. अस्पताल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई है। मृतका की पहचान कल्याणपुर निवासी किशोर सिन्हा की पुत्री सोनल सिन्हा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सोनल सिन्हा ने 3 साल पहले अपने परिवार के खिलाफ जाकर, पड़ोस के ही रहने वाले भारत राम के पुत्र कुंदन राम के साथ लव मैरिज की थी। शादी के बाद उसे एक बच्चा भी हुआ था. वहीं उसके बाद दोनों के बीच कई महीनो से विवाद चल रहा था. शनिवार की सुबह महिला अपनी बहन के साथ पूजा करने के लिए महाराजगंज से शिव मंदिर के पास गई थी। मौके पर मौजूद सोनल के बहन ने बताया कि जब वो पूजा कर वापस अपने बच्चों के साथ घर लौट रही थी। उसी समय बजरंगबली मंदिर के पास पहले से घात लगाए उसकी बहन का पति वहां आ गया। कुंदन राम उसकी बहन से अपने बच्चे को देने के लिए कहना लगा. जिस पर सोनल ने कहा कि बच्चा चाहिए तो वो कोर्ट जाए. ये बात उसके पति को अच्छी नहीं लगी और उसने सोलन पर चाकू से लगातार हमला कर दिया।

### पेरिस ओलंपिक में शामिल होना गौरव का क्षण : श्रेयसी सिंह

**पटना, एजेंसी।**पेरिस में 26 जुलाई से आयोजित होने वाले ओलंपिक गेम के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में बिहार से एकमात्र खिलाड़ी श्रेयसी सिंह का चयन हुआ है। श्रेयसी जमुई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं। जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने बताया कि बिहार से एकमात्र वह ऐसी खिलाड़ी हैं, जिसका चयन पेरिस में 26 जुलाई से आयोजित होने वाली निशानेबाजी प्रतियोगिता में हुआ है। भारत की 21 सदस्यीय टीम में उनका चयन होना उनके लिए गौरव की बात है। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की।

## बीजेपी शासित राज में ही पेपर लीक हो रहे हैं: तेजस्वी यादव




**पटना, एजेंसी।** एंटी पेपर लीक लॉ को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी देखना पड़ेगा कि उस लॉ के अंदर क्या है ? लेकिन आप देखिएगा जहां भी बीजेपी शासित राज है वहां पेपर लीक होते रहा है । हम लोग के सत्ता के बाहर जाने के बाद भी शिक्षा विभाग से जो शिक्षकों की तीसरा जो चरणवध निकलना था उसको रद्द किया गया क्योंकि पेपर लीक हो गया । उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वाला अभी भी घूम रहा है । बाहर ही बाहर जमानत करवाकर आ गए। इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इनका मुखिया संजीव है। हमारी जांच एजेंसियों से अपील है कि संजीव मुखिया की जांच करें। सरकार से अपील करते हैं कि इसकी जांच कराए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो हमारे पास नेताओं और पेपर लीक माफियाओं की तस्वीरें हैं, जिनको सार्वजनिक करना पड़ सकता है। बेहतर है कि जांच एजेंसी जो है निष्पक्षता से जांच करें। कोई चीज छिपने वाली नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि पहले तो वह लोग मान ही नहीं रहे थे कि पेपर लीक हुआ है । उनके लिए कौन सा लॉ लाया जाए । यह बताना पड़ेगा ना । धर्मेंद्र प्रधान वरिष्ठ नेता हैं भाजपा के बहुत ही अनुभवी नेता हैं वह मानते ही नहीं थे कि पेपर लीक हुआ है । उनके लिए भी लॉ लाया जाए। देश में पुल गिर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, ट्रेन हादसे हो रहे हैं। किस पर कार्रवाई हो रही है। कौन पकड़ा जा रहा है। ये लोग घूम फिरकर तेजस्वी और लालूजी को गाली देते हैं। तेजस्वी यादव ने अपनी यात्रा पर कहा कि 15 अगस्त के बाद हम लोग कार्यक्रम बना करके जनता के बीच में जाएंगे । जब से सरकार गई है । हम लोगों ने विधानसभा में भाषण दिया कि नीतीश कुमार ने हमें वनवास नहीं जनता के बीच में भेजा है । तब से लगातार हमने यात्राएं की हैं । अब फिर से 15 अगस्त के बाद लगातार जनता के बीच मिलेंगे ।

## नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया और उनके बेटे का नाम, ग्रामीणों ने पिता-पुत्र को बताया शातिर




**नालंदा, एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इस पूरे मामले में मास्टरमाइंड के रूप में नालंदा का रहने वाला संजीव मुखिया और उसका पुत्र शिव कुमार का नाम सामने आया है। संजीव मुखिया और उसका पुत्र डॉक्टर शिव कुमार नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड के भुतहाखार गांव के रहने वाले हैं। नीट पेपर लीक से पहले 2016 में संजीव मुखिया का नाम बीएससी, सिपाही भर्ती समेत अन्य परीक्षाओं की पेपर लीक में भी आया था और वह जेल भी गया था। पंचायत के लोगों ने बताया कि पेपर लीक मामले में पिता और पुत्र का नाम आने के बाद इस पंचायत का नाम काफी बदनाम हुआ है। मुखिया के कार्यकाल के दौरान भी कई प्रकार की अनियमितता आ चुकी है। शाहपुर गांव के ग्रामीण कहते हैं कि पहले भी संजीव मुखिया और उसके पुत्र डॉक्टर शिव का नाम पेपर लीक मामले में आ चुका है। गांव में सांसद मद से एक सड़क की ढलाई-निर्माण में भी धांधली हुई थी। इस धांधली में भी संजीव मुखिया का नाम सामने आया था। ग्रामीणों ने बताया कि पैसे के बल पर संजीव मुखिया ने अपनी राजनीतिक पहचान बनाई। वह अपनी पत्नी ममता कुमारी को हरनौत विधानसभा से जेडीयू के खिलाफ लोक जनशक्ति पार्टी की टिकट पर चुनाव भी लड़वाया था। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बता दें, नीट परीक्षा की पेपर लीक मामले में सियासत तेज होती जा रही है। परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर छात्र सड़कों पर हैं। नीट के अभ्यर्थियों को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का भी साथ मिला है। हाल में ही अभ्यर्थियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी। नीट परीक्षा में गड़बड़ियों के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में शनिवार को एक समिति गठित की। यह समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



## पुल पर खराब हुई ट्रेन, जान जोखिम में डालकर लोको पायलट ने की मरम्मत

**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर में रेलवे के दो कर्मचारियों की आज लोग खूब तारीफ कर कर रहे हैं। अपनी जान पर खेलकर ट्रेन में आई खराबी को ठीक करने वाले इन दोनों लोको पायलटों को समस्तीपुर रेल मंडल ने पुरस्कार देने की घोषणा की है। दरअसल, यह पूरा मामला समस्तीपुर रेल मंडल का है जहां लोको पायलट अजय कुमार यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार नरकटियागंज से गोरखपुर जा रही ट्रेन पर ड्यूटी पर थे। वाल्मीकिनगर और पनियहवा के बीच पुल संख्या 382 पर अचानक लोको इंजन के अनलोडर वाल्व से एयर प्रेशर लीक होने लगा। इस कारण बीच पुल पर ट्रेन रुक गई। जिस जगह पर लीकेज हो रहा था, वहां तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था, इसलिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने जान जोखिम में डालकर लीकेज ठीक करने का फैसला किया। एक पटरी पर रेंगते हुए ट्रेन के नीचे से, जबकि दूसरा पुल पर लटककर उस वाल्व तक पहुंचा और वाल्व को ठीक कर लिया। अब इसकी चर्चा आसपास के इलाके में हो रही है। वहां कई लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। रेलवे भी इन दोनों लोको पायलटों के काम की तारीफ कर रहा है। समस्तीपुर रेल मंडल ने उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें 10 हजार रुपये का सामूहिक पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि रेल के प्रति उनके साहसिक कार्य को देखते हुए 10 हजार रुपये पुरस्कार के साथ प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

## प्रेमिका के साथ फिल्म देखकर निकल रहा था युवक, छेड़ाखानी का विरोध करने पर मौब लिंचिंग

**मोतिहार, एजेंसी।** बिहार के मोतिहारी से मौब लिंचिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक युवक को आठ से दस अपराधी किस्म में लड़के उसे पूरी तरह से नंगा करके उसकी बीभत्स तरीके से पिटाई कर रहे है। उसपर लात घूंसों व बेल्ट से ताबड़तोड़ प्रहार कर रहे है और अंत मे उसके चप्पल पर थूक कर उसे चटवाया जा रहा है। घटना मोतिहारी के अतिब्यस्तम मोहल्ले जानपुल चौक के संजय सिनेमा के पास की बताई जा रही है। युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि वो सिनेमा हॉल में अपनी प्रेमिका के साथ सिनेमा देखकर निकलने के बाद जब उसकी प्रेमिका के साथ इन मनचलों ने छेड़खानी की तो युवक ने इसका विरोध किया था। इसके बाद बदमाश गैंग ने पहले तो उस युवक को जबरन अपनी बाइक पर बैठकर ले गए व एक फुलवाड़ी में उसे नंगा कर उसकी जबरदस्त पिटाई की। रौंगटे खड़े कर देने वाली ये वारदात मोतिहारी के जानपुल चौक के पास की है और ये घटना दो दिन पूर्व की है। वही इस मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज चल रहा है। सदर डीएसपी शिखर चौधरी ने मामले की पुष्टि की ओर कहा कि दो दिन पूर्व की ये घटना है और इसका वीडियो वायरल हुआ है। नगर थाना की वीडियो वीडियो के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त कर रही है और प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्यवाही में जुटी है। मामला प्रेम प्रसंग में घटित होने की बात बताई जा रही है।फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



## बहन को मेरा पति, मां को मेरे ससुर भगा ले गए, अब मुझे न्याय चाहिए हुजूर

**पटना, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां दो दिन के अंदर जीजा अपनी साली को और ससुर अपनी समधन को लेकर फरार हो गए। दो दिन बाद भी जब चारों घर नहीं लौटे तो एक महिला न्याय मांगने के लिए थाना पहुंच गई। महिला ने अपने पति और ससुर के खिलाफ शिकायत की। उसका आरोप है कि उसका पति उसकी बहन और ससुर उसकी मां को लेकर फरार हो गया। काफी इंतजार किया लेकिन कोई नहीं आए। अब वह अपने बच्चे के साथ दर-दर की ठोकर खा रही है। घटना सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है जिसने थाने में आवेदन दिया है जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दिया है।




### मेरे ससुर और मेरी मां एक-दूसरे के करीब आ गए

दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि 2021 में उसकी शादी भगवानपुर निवासी छोटू से हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। एक बच्चे को भी जन्म दिया। सबकुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच छोटू का दिल मेरी छोटी बहन पर आ गया। दोनों बातचीत करने लगे और दोनों घर से भागकर शादी रचा ली। जब यह बात मैंने अपनी मां को बताई तो आननफानन में वह मेरे ससुराल पहुंची। इसी बीच मेरे ससुर और मेरी मां एक-दूसरे के करीब आ गए। अचानक मेरे ससुर मेरी मां को अपने साथ भगा ले गए। जब दोनों घर नहीं लौटे तो मुझे चिंता हुई।

### जांच में जुटी पुलिस, परिजनों से कर रही पूछताछ

पीड़िता ने कहा कि छानबीन करने पर जब सच्चाई का पता चला तो मैं हैरान रह गई। मेरी भी मां भी बहन की तरह ही प्रेम प्रसंग में पड़ गई। इसके बाद पुलिस के पास पहुंची। पीड़िता ने बताया कि दोनों एक ट्रेन से सफर कर निकल गए और अब मैं यहां पर भटक रही हूं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

## 29 जून को दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, इन मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 जून को बुलाई है। बैठक में पार्टी के सभी विधायक, सांसद और प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि बैठक में जदयू अपनी आगे की रूपरेखा बैठक में तय करेगी। बता दें कि बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में जदयू किंग मेकर की भूमिका के रूप में सामने आई है। जदयू के 12 सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में अपनी सरकार बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाई है। दरअसल, इस चुनाव में बीजेपी अकेले दम पर बहुमत लाने में विफल रही। उधर, तो राजनीतिक गलियारों में नीतीश



कुमार की राजनीतिक स्थिरता को लेकर कई तरह के सवाल उठे, क्योंकि इतिहास गवाह है कि उनका राजनीतिक चाल, चरित्र और चेहरा आज तक कोई समझ नहीं सका है। अब जब जदयू ने 29 जून को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यकारिणी बैठक बुलाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जदयू प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक कारकों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करेगी। अगर कहीं प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है, तो पार्टी यह पता करने की कोशिश करेगी कि आखिर दिक्कत कहां रह गई? अगर कहीं खामी पाई गई, तो उसे सुधारने की दिशा में क्या कुछ कदम उठाया जा सकता है? इस पर विचार किया जाएगा। वहीं, बताया जा रहा है कि बैठक में पार्टी को विस्तार देने की दिशा में रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। दावा है कि आने वाले दिनों में जदयू में कई उलटफेर हो सकते हैं।

## लालू परिवार की तरफ जाता है अपराध व भ्रष्टाचार का सीधा रास्ता - भाजपा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पुल गिरने को लेकर सियासत तेज हो चली है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मुद्दे को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे है, तो वहीं भाजपा भी हमले का कोई मौका चूक नहीं रही है। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि किसको नहीं पता है कि अपराध भ्रष्टाचार जहां कहीं भी होता है, तो उसका सीधा रास्ता लालू परिवार की तरफ जाता है। लालू परिवार के साथ उसकी जड़ जुड़ी हुई होती है। ये जगजाहिर बात है।

# पेपर लीक मामले में कोडरमा जिला कांग्रेस कमिटी ने झंडा चौक पर किया पुतला दहन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोडरमा के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में रविवार शाम को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इसमें सैकड़ो के तादात में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि जिस तरह केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खेल रही है इससे लगता है कि यह सरकार छात्र विरोधी सरकार है। इस सरकार को छात्रों की कोई चिंता नहीं है। आज जितनी भी परीक्षा केंद्र के द्वारा आयोजित की जा रही है, सब में कुछ ना कुछ कमियां रहने के रहने के चलते उस परीक्षा को रद्द किया जा रहा है। केंद्र में एक नाकामी सरकार के चलते यह हाल हो रहा है हाल के दिनों में जिस तरह मेडिकल की परीक्षा में खुलेआम धांधली हुई है। इससे छात्र का भविष्य अंधकार में हुआ है।कांग्रेस अध्यक्ष श्री पासवान ने यह भी कहा की पेपर



लीक मामले में झारखंड, बिहार एवं अन्य प्रदेशों में प्रशासन द्वारा छापामारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है । तत्काल दोषी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त किया जाए । वही पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता ने कहा कि आज जिस तरह छात्र के भविष्य के साथ केंद्र की सरकार खिलवाड़ कर रही है इससे लगता है कि यह सरकार निकम्मी है और छात्र विरोधी है। इस सरकार को केंद्र में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नैतिकता के खातिर तुरंत शिक्षा मंत्री को अपना इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा जिला उपाध्यक्ष सह डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष बेबी सिन्हा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष सरवन सिंह सतगांव प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दशरथ पासवान जिला सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास ने भी संबोधित किया जबकि मुख्य रूप से उपस्थित जिला सचिव मोहम्मद ग़ालिफ जिला सचिव कुंदन साहू जयनगर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष चौधरीलाल पासवान गुड्डू कुमार मंतोष कुमार लालमोहन साहू लखन साहू ब्रह्मदेव साहू सुनील साहू विकास कुमार विशाल कुमार सलमान खातून सुनीता देवी मोहम्मद जमाल खान दिलीप राम सूरज कुमार इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन शामिल हुए।

## भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**राँची एक्सप्रेस संवाददाता सतगावां** प्रखंड के हॉट मैदान में भाजपा प्रखंड इकाई के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया।इस मौके पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बिस्तर से बाते हुए भाजपा के कार्यकर्ता ने कहा कि 1941 से 42 बंगाल प्रांत के वित्त मंत्री रहे। 1947 से 1950 में भारत सरकार में वाणिज्य और उद्योग मंत्री रहे। 1951 से 1952 में भारतीय जन संघ के संस्थापक रहे। साथ ही उनकी मृत्यु 23 जून 1953 में श्रीनगर में हुई थीं।डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि है. डॉ. मुखर्जी 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकले थे. पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया था. 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई थी.इस पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गयी। मौके पर मंडल अध्यक्ष जय शंकर प्रसाद पूर्व मंडल अध्यक्ष -अनिल यादव, अशोक कुमार शशि,नरेश यादव, रंजीत सिंह, मनोज भगत, राधेश्याम दास, धर्मेंद्र सिंह, मनोज चौधरी,मनोज भगत, पवन कुमार, श्याम सुंदर सिंह, दिलीप सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पासवा ने महिला एवं बाल विकास मंत्री सह-सांसद कोडरमा का किया स्वागत



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-**प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा जिला के पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के बैनर तले महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार सह- सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी के निवास स्थान पर जिला अध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल अध्यक्षता एवं प्रदेश सचिव सह-जिला तौफिक हुसैन के नेतृत्व में सभी प्रखंडो के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत किया ! लोकसभा चुनाव में सांसद के रूप में जीतकर केंद्र में महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार का शपथ एवं पद ग्रहण कर पहली बार अपने गृह जिला कोडरमा लौटी मंत्री अन्नपूर्णा देवी के वापस आने के उपरांत पासवा कोडरमा का संघ परिवार ने उनके आवास चाराडीह में जाकर बुके,शॉल और जीत का ताज पहना कर एसोसिएशन का प्रतीक चिन्ह मोमेंटो देकर सम्मान किया, प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा संघ परिवार से स्वागत सह-सम्मान कार्यक्रम में जिला के संरक्षक ओ पी राय,जिला उपाध्यक्ष सुनीता पांडे,जिला कोषाध्यक्ष दिलीप यादव,जिला सह कोषाध्यक्ष अभय कुमार, कोडरमा प्रखंड के अध्यक्ष प्रवीण मोदी,नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद के डायरेक्टर मुस्ताक खान,सतगवां प्रखंड कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर कुमार,कोडरमा नगर सचिव दीपक कुमार कोषाध्यक्ष दीपक कुमार जयनगर प्रखंड रामदेव यादव,राम नरायण यादव,बहादुर कुमार के अलावा कई निजी विद्यालयों के संचालक,संचालिका एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

## पिपचो बाजार के बगल आप का संगठन विस्तार को लेकर बैठक - महेश यादव



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** आम आदमी पार्टी बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कल रविवार को बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत जयनगर प्रखंड अंतर्गत स्थित पिपचो बाजार के बगल में आम आदमी पार्टी का बैठक किया गया । बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर विचार विमर्श और चर्चा किया गया । आम आदमी पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक ले जाने का विचार किया गया जिससे संगठन विस्तार को अधिक मजबूती मिलेगा । झारखंड में आम आदमी पार्टी के भविष्य को लेकर भी चर्चा किया गया । बैठक की अध्यक्षता कोडरमा जिला अध्यक्ष दामोदर यादव और संचालन बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड संगठन मंत्री दिनेश यादव, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष रामा यादव, जितेंद्र कुमार दास, कुंदन दास, अजीत यादव, रमाशंकर यादव, आशीष, सुरेश, धीरेंद्र, सूरज, राजू इत्यादि लोग मौजूद थे।

## बिहार से आए हुए नशेड़ी अपराधियों ने पैसे की लेनदेन में होटल मैनेजर एवं स्टाफ को मारी गोली, मौके पर दोनों की हुई मौत

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** बाघीटांड़ में 22 जून शाम 4 बजे बिहार से आए हुए नशेड़ी अपराधियों ने होटल में खाने-पीने के साथ नशा भी किया और पैसे के लेनदेन में ना नुकुर होने पर दुकानदार से कहा सुनी हुई, उस समय वे लोग चले गए दोबारा लगभग 8~20 बजे रात्रि को हथियार से लैस होकर चार-पांच लोग आए एवं होटल संचालक एवं एक स्टाफ को गोली मार दी जिसमें होटल मैनेजर मोहम्मद नसीम पिता अब्दुल सत्तार जलवा बाद निवासी एवं होटल में काम करने वाले मोहम्मद राजन पिता रियाजुद्दीन उर्फ लाल बाबू निवासी जलवाबाद कोडरमा के हैं। यह शांति मोटर नाम का होटल बाघीटांड़ में काम करते थे।यहीं पर सरकार के द्वारा एक विदेशी शराब की दुकान लगाई गई है ।

## जेबीकेएसएस का पिपराडीह बन्दाचक में हुई बैठक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता सद्दाम अंसारी** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंदवारा प्रखंड के पंचायत पिपराडीह बन्दाचक में एक बैठक हुई जिसमें केंद्रीय सचिव रविशंकर यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पंचायत कमेटी बूथ कमिटी बनाने पर विस्तार करने पर निर्णय लिया गया। एवं टाइगर जयराम महतो की विचारधारा को घर-घर पहुंचने का निर्णय लिया गया। आने वाले विधानसभा में इस बार जेबीकेएसएस में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार को मजबूती के साथ जितना है और झारखंड में टाइगर जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनना है ताकि झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति,नियोजन नीति,खनन नीति, छात्र नीति,उद्योग नीति,बन सके मुख्य अतिथि रविशंकर यादव ने कहा कि पिछले 24 साल झारखंड निर्माण हुए



बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जितने भी प्रतिनिधि बने हैं उन्होंने जनता को ठगा है यहां पर किसी प्रकार का विकास नहीं हुआ है यह लोग केवल अपने परिवारवाद का विकास किए हैं और अपने नाजायज तरीके से अपने संपत्ति बढ़ाने का काम किए हैं बाँझेडीह पावर प्लांट में लगभग 5000 वर्कर कम कर रहे हैं जिसमें 3500 वर्कर दूसरे राज्य के लोग काम कर रहे हैं लेकिन इस प्लांट में यहां के जो स्थानीय जनप्रतिनिधि हैं लोकल लोगों को यहां पर रोजगार दिलाने में विफल रहे।यंहा की जेबीकेएसएस को आशा भरी निगाहों से देख रही है इस बार जेबीकेएसएस को बरकट्ठा विधानसभा में तीसरा विकल्प के रूप में जनता के सामने है। मौके पर पंकज कुमार यादव, संतोष कुमार यादव,सकलदेव यादव,उदय यादव,नरेश यादव, अरविंद यादव, कैलाश रजक,मोहम्मद उल्फत, मोहम्मद तसलीम,मोहम्मद जमील, इरफान अंसारी, जितेंद्र यादव, बबलू प्रसाद,दीपक यादव, विपिन रजक दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर कोडरमा जंक्शन पर जागरूकता अभियान




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया** ~अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस सप्ताह के अवसर पर कोडरमा जंक्शन पर एक विशेष नशा मुक्त जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमेश हर्षधर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किए और नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।हर्षधर ने अपने संबोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है, जिससे समाज में आए दिन विवाद और घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, ÷नशा एक ऐसी हानिकारक आदत है जिससे परिवारों में तनाव, झगड़े और मारपीट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पिता-पुत्र, पति-पत्नी और रिश्तेदारों के बीच बेतुकी बातों और लड़ाई-झगड़ों का मुख्य कारण नशा बनता जा रहा है।÷इस अभियान के दौरान विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि किस प्रकार नशे की लत छोटे बच्चों में भी देखने को मिल रही है। हर्षधर ने यह भी कहा कि समाज के बच्चे जब नशे की चपेट में आ जाते हैं तो यह स्थिति बेहद चिंताजनक और दुखदायी होती है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे नशे से मुक्त होने का संकल्प लें और इस हानिकारक आदत से समाज को बचाने में योगदान दें।उन्होंने कहा, ÷नशे की हालत में आए दिन रोड एक्सीडेंट और अन्य घटनाएं हो रही हैं, जिससे केवल नुकसान ही होता है। इस जागरूकता अभियान दिवस के अवसर पर हमें नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।÷इस मौके पर रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान, डॉक्टर नीरज शाह, संजय शर्मा, सुनील कुमार, चंदन कुमार, संतोष केसरी, विनोद यादव, आलोक यादव, राजेश गुप्ता, पंकज वर्णवाल, टिंकू महतो समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी ने मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प लिया और इस दिशा में सक्रिय रूप से काम करने का वचन दिया।इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य न केवल नशे की लत को रोकना था, बल्कि समाज में इसके प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता फैलाना भी था। विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया।

## डबल मर्डर केस में अपराधियों को 6 घण्टे में गिरफ्तारी पर पुलिस की सराहना



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** थाना क्षेत्र के बाघीटांड़ में शनिवार की रात हुई गोलीबारी मामले में दोनों मृतकों के परिजनों को समय सीमा के भीतर 20-20 लाख का मुआवजा देने की मांग राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने की है। साथ ही हत्या के आरोपियों पर फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिये सुनवाई कर अपराधियो को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में अपराध और अपराधियों के साथ कड़ाई से पुलिस प्रशासन पेश आए। उन्होंने कहा कि कोडरमा में शराब पीकर आपराधिक घटना को अंजाम देने वालो पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस को नए रणनीति बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपराध हर परिस्थिति में अपराध का ही श्रेणी में आएगा। अपराधियो की जगह जेल की सलाखें है। रामधन यादव ने कहा कि कोडरमा अमन चैन और गंगा यमुनी सभ्यता की धरती है।विधि व्यवस्था खराब करने वालों और गैरसंवैधानिक टीका टिप्पणी करने वालो पर कोडरमा पुलिस कड़ाई से पेश आए। उन्होंने कहा कि कोडरमा पुलिस ने डबल मर्डर मामले में सराहनीय कार्य किया है। घटना के 6 घंटे के भीतर अपराधियो को पकड़ने के लिए कोडरमा पुलिस बधाई के पात्र है।उन्होंने उम्मीद जताया है कि भविष्य में कोडरमा पुलिस विधि व्यवस्था में व्यापक सुधार लाएगी।ताकि कोडरमा में रहनेवाले लोग सुरक्षित व्यापार और निवास कर जीवनयापन कर सकें। बतादें की जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने रविवार को मृतक राजन और नसीम के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोशा दिया।

# रेस्टोरेंट मर्डर कांड केस का 3 घंटे में पुलिस ने किया उद्भेदन, 5 अपराधी सहित एक नाबालिक को किया गया निरुद्ध


**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा 22.06.2024 को संध्या लगभग 8~20 बजे पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थानान्तर्गत बागीटांड़ स्टेडियम के पास शांति मोटल, फेमिली रेस्टुरेंट में कुछ अपराधियों द्वारा रेस्टुरेंट मैनेजर एवं रेस्टुरेंट के स्टाफ को गोली मार दिया गया। मामले की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ?तारी हेतु विषेष छापामारी दल का गठन कर पूरे जिले में नाकाबंदी किया गया। फलस्वरूप अपराधी कहीं भाग नहीं पाये एवं काण्ड को अंजाम देने के लिए उपयोग किया गया टाटा नेक्सन वाहन को कोडरमा घाटी में छोड़कर अंधकार का फायदा उठाने के नियंत से दिबोर घाटी के जंगल में भाग निकले। कोडरमा पुलिस मुस्तैदी से काण्ड में संलिप्त अपराधियों कि गिरफ्तारी हेतु पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिले के सभी थाना प्रभारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया। सर्च अभियान के क्रम में जंगल से घटना घटित होने के 03 घण्टे के अन्दर कोडरमा पुलिस द्वारा काण्ड में संलिप्त 06 अपराध









कर्मी जिसमें एक नाबालिक है, काण्ड में प्रयुक्त पिस्टल के साथ पकड़ा गया। जिसमें 05 अपराधी को गिरफ?तार किया गया एवं एक नाबालिक को निरूद्ध किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात् घटना घटित होने के कारण का पता लगाने पर यह मालूम हुआ कि दिनांक 22.06.2024 को लगभग 4 बजे उपरोक्त अपराधी शाति मोटल, फेमिली रेस्टुरेंट, बागीटांड, कोडरमा में आया एवं खाना का ऑडर दिया। तत्पश्चात् उक्त अपराधियों ने गाड़ी से एक पेटी बियर लाकर पीने लगा। यह देखकर रेस्टुरेंट मैनेजर एवं स्टॉफ द्वारा विरोध किया गया कि यह फेमिली रेस्टुरेंट है, यहां शराब पीना मना है, परन्तु अपराधियों द्वारा बात को नहीं माना एवं जबरदस्ती शराब पीने लगा। इस बात पर अपराधी रेस्टुरेंट मैनेजर/स्टॉफ से उलझा गये, फिर उस समय मामला शांत हो गया एव अपराधी सब बीयर पीना बंद कर दिया। फिर खाना खाने के बाद बिल भुगतान को लेकर रेस्टुरेंट मैनेजर / स्टॉफ के बीच कहासूनी एवं हाथापाई हो गई। इसके बाद सभी अपराधी होटल से निकलकर चला गया एवं अन्यत्र कहीं बीयर / शराब आदि का सेवन किया। शराब का सेवन करने के पष्चात् पुनः रात्री लगभग शाम 8~20 बजे उसी रेस्टुरेंट में आया एवं काउन्टर में बैठे नसीम एराकी, पिता-स्व0 अब्दुल सत्तार, शहीद चौक. मनहरी पट्टी, ग्राम-राजधनवार, जिला-गिरिडीह, वर्तमान पता-वार्ड नम्बर-05. बेलाल मस्जिद के पास जलवाबाद, थाना कोडरमा, जिला कोडरमा एवं अंजार आलम उफ् राजन, पिता-मो0 रियाजुद्दीन, सा0-जलवाबाद, वार्ड नम्बर-06, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा को गोली मारकर टाटा नेस्कन वाहन से भाग गया। गोली लगने के कारण नसीम एराकी का घटनास्थल पर ही देहांत हो गया एवं अजार आलम उफ् राजन को इलाज हेतु सदर अस्पताल, कोडरमा लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा जांचोपरांत मृत घोषित किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना काण्ड संख्या-141/2024, दिनांक 23.06.2024, धारा-302/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं कोडरमा थाना कांड सं0 142/ 2024, दिनांक 23.06.2024, धारा-25(1-ड्ढ)(ड्ड)/26(द्बद्ब)/35 आर्म्स एक्ट दर्ज करते हुए विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास निकालने पर मालूम हुआ दिलखुस कुमार के विरूद्ध पूर्व में भी डकैती एवं हत्या का मामला, आयूष कुमार के विरूद्ध भी डकैती का मामला दर्ज है एवं नाबालिक को वाहन चोरी के आरोप में पूर्व में भी निरूद्ध किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त में 1. दिलखूस सिंह, उम्र 24 वर्ष, पिता स्व0 मुकेष सिंह, ग्राम जलालपुर, थाना मनाची, जिल-पटना। 2. आयूष कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता-जवाहर लाल पोद्दार, ग्राम बरौनीडीह, थाना-तेघरा, जिला-बेगुसराय। 3. गुलषन कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता बब्लु कुमार, ग्राम-बाली, थाना काषीचक, जिला-नवादा।4. चिन्दु कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता-बिमलेष सिंह, ग्राम पथरा इंग्लिष, थाना-मुफ्फसिल, जिला-नवादा। 5. सुधांषु कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता बिमलेष सिंह, ग्राम पथरा इंग्लिष, थाना मुफ?फसिल, जिला-नवादा। 6. विधि-विरूद्ध नाबालिक को निरूद्ध किया गया। जप्त समाग्री में 1. काण्ड में प्रयुक्त 7.65 एम0एम0 पिस्टल, 2. (7.65 एम0एम0 का 06 खोखा, 3. घटना को अंजाम देने के लिए उपयोग किया गया टाटा नेक्सन वाहन जिसका रजिस्ट्रेषन संख्या-ब्त्र01भ्ब्-8307, 4. घटना को अंजाम देने के पष्चात् भागने के नियत से मंगाया गया बोलेरो वाहन जिसका रजिस्ट्रेषन संख्या-ब्त्र01भ्ै-6652, 5. 05 मोबाईल छापेमारी दल में शामिल अधिकारी जीतवाहन उराँव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा, पुरूषोत्तम कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कोडरमा, दिवाकर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (प्रषिक्षु), कोडरमा, सुजीत कुमार, पु0नि-सह थाना प्रभारी, कोडरमा। पु0अ0नि0 अरविन्द कुमार, थाना प्रभारी, चन्दवारा, पु0अ0नि विकास पासवान, थाना प्रभारी, जयनगर, पु0अ0नि0 सौरभ कुमार शर्मा, थाना प्रभारी मरकच्चो, पु0अ0नि0 प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी, तिलैया डैम ओ0पी0, पु0अ0नि0 बमबम कुमार, कोडरमा थाना,सषस्त्र बल एवं तकनिकी शाखा के कर्मी।

## एओए ने दोबारा चुनाव कराने की मांग

**साहिबाबाद।** लोनी–भोपूरा रोड स्थित शालीमार सिटी सोसायटी के निवासियों ने शनिवार को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचकर एओए को कालातीत कर चुनाव कराने के लिए पत्र दिया। निवासी राजेश झा ने बताया कि 16 जून को निवासियों के साथ हुई बैठक में सहमति मिलने के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार रिषभ अग्रवाल को पत्र दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही एओए को पत्र भेजकर चुनाव कराया जाएगा। इस दौरान शालीमार सिटी सुधार समिति के अध्यक्ष संजय कुमार झा, नंद कुमार सिंघल, रोहित गुप्ता, किरण सेठ्ठी, गिरीश गुप्ता, हैदर अली, अनुराग मिश्रा, राहुल गर्ग, बृजेश यादव, सुशील गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गाली के विरोध पर दुकानदार की अंगुली काटी

**मसूरी।** आकाशनगर निवासी दुकानदार विजय कुमार की एक व्यक्ति ने शराब के नशे में अंगुली काटकर अलग कर दी। आरोप लक्ष्मण नाम के व्यक्ति पर है। मामले में विजय ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विजय का कहना है कि उनकी आकाशनगर में गैस चूल्हा रिपेयर करने की दुकान है। 21 जून को लक्ष्मण शराब के नशे में उनकी दुकान के बाहर आकर गाली–गलौज करने लगा। उन्होंने विरोध किया तो वह उनके साथ अभद्रता करने लगा और उसने उनके हाथ की अंगुली दांतों से काटकर अलग कर दी। एसीपी मसूरी का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## सब्जी काट रही महिला ने रेत लिया अपना गला, चारों ओर बिखर गया खून

**वाराणसी , एजेंसी।** पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय में रविवार को 35 वर्षीय एक महिला ने गले पर चाकू मार कर जान दे दी। जब तक अस्पतालकर्मी कुछ समझ पाए तब तक उसका काफी खून निकल चुका था, जिससे उसकी मौके पर ही यानी अस्पताल परिसर में ही मौत हो गई। निदेशक मेंटल हॉस्पिटल डॉ. अशोक राय ने बताया कि कौशांबी पुलिस ने अज्ञात महिला को 13 अप्रैल, 2024 को सीजेएम के आदेश पर यहां भर्ती कराया था। वह मानसिक अवसाद की स्थिति में यहां लाई गई थी, जो काफी हद तक ठीक भी हो गई थी। रविवार सुबह किचन में सब्जी काटते वक्त एकाएक चाकू लेकर हाथ में मैदान की तरफ भागी और उसने अपना गला चाकू से रेत दिया। जब तक अन्य लोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस में शव को पंचनामा कर कब्जे में ले लिया। पुलिस शव को तीन दिन मर्चरी में रखने के बाद अग्रिम कार्रवाई करेगी।

## कार हटाने के लिए कहने पर दंपती के साथ मारपीट

**लोनी।** कोतवाली क्षेत्र के चिरोड़ी गांव में रास्ते से कार हटाने के लिए कहने पर दबंगों ने दंपती के साथ मारपीट की। दंपती को बचाने आए परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चिरोड़ी गांव निवासी न्याज ने बताया कि उनकी बेटी रिमशा और दामाद शोएब उनके घर आए हुए थे। दोनों अपने घर कार से जाने लगे। रास्ते में नन्हे के मकान के सामने तीन चार कारें खडी हुई थी। दामाद ने उनसे कार हटाकर रास्ते देने को कहा। इस बात को लेकर आरोपी पक्ष गुस्सा हो गया। आरोप है कि दबंगों ने दामाद और बेटी के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी लगने के बाद मायके पक्ष के कुछ और लोग पहुंचे, तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट की। दबंगों ने पथराव भी किया। लोनी एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नन्हे, रिजवान, इरफान और आबिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिप्रा कृष्णा विस्टा मामले में 28 को सुनवाई

**साहिबाबाद।** लंबे समय से शिप्रा कृष्णा विस्टा में चल रहे सुविधा शुल्क विवाद मामले में अब 28 जून को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई होगी। सोसायटी में अपार्टमेंट एक्ट बायलॉज का उल्लंघन करते हुए कुछ लोगों ने सुविधा शुल्क लगाए जाने की शिकायत की थी। विवाद तब और बढ़ गया जब पिछले दिनों सोसायटी में आयोजित आम बैठक में ऐसे फ्लैट धारकों को प्रवेश नहीं करने दिया गया जिन्होंने एओए द्वारा निर्धारित सुविधा शुल्क जमा नहीं किया था। इसकी शिकायत सोसायटी के कुछ लोगों ने डिप्टी रजिस्ट्रार से भी की। अब डिप्टी रजिस्ट्रार ने एओए को पत्र जारी कर इस संबंध में अपने कार्यालय में 28 जून को बैठक कर पूरे मामले में दोनों पक्ष की सुनवाई के आदेश दिए हैं।

# अयोध्या: नित्य दर्शनार्थियों को राममंदिर ट्रस्ट देगा पास, अलग लगेगी पंक्ति, रोजाना कर सकेंगे प्रभु के दर्शन

**अयोध्या, एजेंसी।** यदि आप रामलला के नित्य दर्शन करना चाहते हैं तो आपकी यह लालसा अब पूरी हो सकेगी। रामलला के नित्य दर्शनार्थियों के लिए राम मंदिर ट्रस्ट जल्द ही पास जारी करने जा रहा है। नित्य दर्शनार्थियों के लिए अलग लाइन भी बनाई जाएगी। हालांकि दर्शनार्थियों को सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करना होगा। ट्रस्ट की इस पहल की साधु-संतों ने सराहना की है।

राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट ऐसे साधु-संतों व आम लोगों की सूची तैयार कर रहा है जो रामलला के नित्य दर्शन करना चाहते हैं। इस काम के लिए सात सदस्यीय टीम बनाई गई है। साधु-संतों से संपर्क कर उनसे फॉर्म भरवाया जा रहा है। उनके आधार कार्ड की कॉपी ली जा रही है। आने वाले दिनों में उन्हें पास जारी किए जाएंगे। पास में जरूरी दिशा-निर्देश भी अंकित होंगे।



**आम अयोध्यावासी भी बनवा सकेंगे पास :** आम अयोध्यावासी भी यदि रामलला के नित्य दर्शन करना चाहते हैं तो राममंदिर ट्रस्ट के कार्यालय संपर्क कर सकते हैं। हालांकि ट्रस्ट कार्यालय में आवेदन स्वीकार करने की सुविधा अभी शुरू नहीं की गई है। जल्द ही इसके लिए ट्रस्ट के कर्मियों की तैनाती कर पंजीकरण की सुविधा शुरू की जाएगी।

**संतों ने किया ट्रस्ट के निर्णय का स्वागत :** राममंदिर की पूजा पद्धति तैयार करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले जगदुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य ने ट्रस्ट के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने भी इसके लिए ट्रस्ट से बात की थी। बताया कि अयोध्या की पहचान उसकी आध्यात्मिकता और साधना परंपरा है। नित्य दर्शन की परंपरा टूटने से साधक संत निराश थे। अब फिर से उन्हें आराध्य के दर्शन हो सकेंगे। पंडित कौशल्यानंदन वर्धन करीब 30 सालों से रामलला, हनुमानगढ़ी व कनक भवन का नित्य दर्शन करते आ रहे थे। पिछले कुछ महीनों से रामलला के नित्य दर्शन की परंपरा टूट गई थी। उन्होंने भी ट्रस्ट को साधुवाद देते हुए कहा कि इससे प्रतीत होता है कि ट्रस्ट अयोध्या की परंपराओं के पालन के प्रति भी प्रतिबद्ध है।

**भीड़ के चलते टूट गई थी नित्य दर्शन की परंपरा :** संतों का कहना है आराध्य के नित्य दर्शन भी एक साधना है। अयोध्या में बड़ी संख्या में ऐसे साधु-संत हैं जो लंबे समय से सरयू स्नान, रामलला, कनक भवन व हनुमानगढ़ी का नित्य दर्शन करते आ रहे हैं। साधु-संतों के अलावा कई आम जन भी तीनों पीठों के नित्य दर्शन करते हैं, लेकिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से साधु-संतों की रामलला के नित्य दर्शन की परंपरा भी टूट गई। वे जब भी जाते, उन्हें घंटों लाइन में लगकर दर्शन करना पड़ता है।

**चरणामृत, चंदन लगाने पर कोई रोक नहीं: ट्रस्ट :** राम मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि चरणामृत देने व चंदन लगाने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर की जो परंपराएं पहले थीं, वह आज भी यथावत हैं। श्रद्धालुओं को चंदन लगाने की कोई परंपरा नहीं है।

यह व्यवहारिक रूप से संभव भी नहीं है, क्योंकि राम मंदिर में रोजाना एक लाख से अधिक भक्त दर्शन करते हैं। उन्हें चंदन कैसे लगाया जा सकता है। इतना जरूर है कि दोपहर की आरती में जो भी श्रद्धालु होते हैं, उन्हें चरणामृत दिया जाता है। कुछ श्रद्धालुओं को पुजारी चंदन भी लगाते हैं, इनमें आम से लेकर खास तक शामिल होते हैं। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। दर्शनपथ पर हर एक श्रद्धालु को प्रसाद देने की भी व्यवस्था की गई है।

## नेपाल की जेल से 14 साल पहले सुरंग बनाकर भागा था डकैत

सिद्धार्थनगर , एजेंसी। नेपाल की कपिलवस्तु जिला जेल से सुरंग बनाकर भागे डकैत को नेपाल की पुलिस ने 14 साल बाद शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। मूलतः सिद्धार्थनगर जिले के चिल्हिया कस्बे के रहने वाले इस कैदी को कपिलवस्तु के शिवराजनगर पालिका क्षेत्र से पकड़ा गया।


नेपाल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डकैती के मामले सिद्धार्थनगर जिले के चिल्हिया कस्बा निवासी स्कूल मियां अंसारी को कोर्ट ने छह साल पांच महीने नौ दिन की कैद और साढ़े चार लाख रुपये जुर्माने की सजा दी थी। वह कपिलवस्तु जिला जेल में सजा काट रहा था।

इसी बीच 16 जनवरी 2010 को स्कूल मियां समेत 8 लोग 21 फुट लंबी सुरंग खोदकर जले से फरार हो गए थे। इनमें संतोष कहार, केदार सहनी, बगेदु मुस्लिम और संतकुमार पासी सहित सात को नेपाल पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। सिद्धार्थनगर निवासी स्कूल मियां पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। शनिवार की सुबह पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। कपिलवस्तु के पुलिस अधीक्षक नवरत्न पौडेल ने कहा कि बड़े आपराधिक मामलों में वांछित बदमाशों की गिरफ्तार के लिए विशेष टीम लगाई गई थी। कपिलवस्तु पुलिस की विशेष टीम ने 14 साल से फरार स्कूल मियां अंसारी को शिवराज नगर पालिका क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

# सावन: 72 साल बाद महायोग, सोमवार से शुरुआत और समापन भी, बाबा के भक्तों को आराधना का एक दिन और मिलेगा

**वाराणसी , एजेंसी।** भगवान शिव के प्रिय मास सावन का इंतजार कर रहे भक्तों के लिए इस बार दुलर्भ और महायोग बन रहा है। 72 साल बाद सावन की शुरुआत और समाप्ति सोमवार से होगी, वहीं इस बार पांच सोमवार पड़ रहे हैं। ऐसे योग में भगवान शिव की पूजा और अभिषेक करने वाले भक्तों पर कृपा बरसेगी।

सावन की शुरुआत 22 जुलाई हो रही है। इस दिन सुबह से शाम तक प्रीति योग रहेगा और सुबह से रात साढ़े दस तक सावन नक्षत्र रहेगा। समापन 19 अगस्त को होगा।



हिंदू कैलेंडर के पांचवें मास सावन का विशेष महत्व है। भक्त भगवान शिव का पूजन-अर्चन, शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और अभिषेक आदि अनुष्ठान करवाते हैं। बनारस में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए भक्तों का रेला उमड़ता है। कावड़ यात्राएं निकलती हैं। ऐसे में सावन में पांच सोमवार पड़ने से भक्तों को भगवान शिव की आराधना का एक अतिरिक्त दिन मिलेगा।

आचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री और आचार्य अमित मिश्र ने बताया कि हिंदू धर्म में सावन की शुरुआत और समापन सोमवार से होना दुलर्भ संयोग है। ऐसा 72 साल बाद हो रहा है। इस मास में भगवान शिव की पूजा करने से बाबा भक्तों के दुख, दरिद्रता दूर कर हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

**29 दिनों का सावन :** इस बार सावन मास 29 दिनों का ही है। इन्हीं 29 दिनों में पांच सोमवार का दुर्लभ योग बनेगा। पहला सोमवार 22 जुलाई, दूसरा 29 जुलाई, तीसरा पांच अगस्त, चौथा 12 अगस्त, पांचवां और अंतिम सोमवार 19 अगस्त को पड़ेगा। वहीं, सावन नक्षत्र और प्रीति योग बन रहा है।

**पिछले साल पड़े थे 8 सोमवार :** पिछले बार सावन में आठ सोमवार पड़े थे। कारण, तीन साल पर पड़ने वाले अधिमास से एक माह बढ़ गया था, यानी सावन दो माह का था और आठ सोमवार पड़े थे। जबकि चातुर्मास भी चार की जगह पांच माह का पड़ा था। पिछली बार चार जुलाई से 16 अगस्त तक 56 दिनों तक सावन माह था।

**शादी में देरी पर मंगला गौरी व्रत के इस बार चार दिन :** सावन में अमूमन तीन मंगलवार पड़ते हैं। इस दिन श्रद्धालु मां मंगला गौरी का व्रत रखते हैं। इस बार मंगला गौरी व्रत चार पड़ रहे हैं। पहला मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई, दूसरा 30 जुलाई, तीसरा छह अगस्त, चौथा 13 अगस्त को पड़ रहा है। काशी में मां मंगला गौरी के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ होती है। जिन लड़कियों की शादी में देरी हो रही होती है, वह व्रत रखकर मां की पूजा करती हैं और मां को प्रिय हल्दी की माला चढ़ाती हैं।

# कैंसर अस्पताल में बढ़ेंगी सुविधाएं, मरीजों को होगी सहूलियत; एनसीएल के साथ हुआ ये समझौता

**वाराणसी , एजेंसी।** कैंसर मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शनिवार, दिनांक 22 जून 2024 को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एन.सी.एल.) तथा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, लंका (एम.पी.एम.एम.सी.सी.) व होमी भाभा कैंसर हास्पिटल, लहरतारा (एचबीसीएच) के बीच एक समझौता (एमओयू) हुआ।

इसके तहत एनसीएल द्वारा दोनों अस्पतालों में अत्याधुनिक मेडिकल उपकरणों की खरीदारी हेतु जरूरी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मौजूदा सुविधाओं को अद्यतन व सुदृढ़ करने एवं कुछ नई सुविधाओं को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि उद्घाटन के बाद से अब तक वाराणसी स्थित टाटा स्मारक केंद्र की इकाइयों, एम.पी.एम.एम.सी.सी एवं एच.बी.सी.एच. में 1 लाख से अधिक कैंसर मरीजों का पंजीकरण हो चुका है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए संस्थान में मरीज सुविधा में बढ़ोतरी के लिए अस्पताल द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में एन.सी.एल. तथा एम.पी.एम.एम.सी.सी एवं एच.बी.सी.एच के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया, जिसके अंतर्गत एनसीएल द्वारा अस्पताल प्रशासन को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सी.एस.आर.) के तहत 14.49 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस राशि से अस्पताल में लैब, रेडियोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं सी.एस.एस.डी. विभाग में नए व अत्याधुनिक उपकरण खरीदे जाएंगे।



इस मौके पर कोयला मंत्रालय मे पदस्थ भारत सरकार की अपर सचीव रूपिंदर बरार, एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम, एनसीएल के डायरेक्टर (पर्सनल) मनीष कुमार, वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, कोयला मंत्रालय के ज्वाइंट डायरेक्टर सतिन्दर कुमार, एनसीएल के सीएसआर विभागाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह गौतम और कैंसर अस्पताल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी बिरेश चौबे और जनसंपर्क अधिकारी अखिलेश पांडेय उपस्थित रहे।

अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने कहा कि एम.पी.एम.एम.सी.सी. एवं एच.बी.सी.एच. टाटा स्मारक केंद्र के तीन मूलभूत सिद्धांतों सेवा, शिक्षा और अनुसंधान को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रहा है। कैंसर के खिलाफ टाटा स्मारक केंद्र की लड़ाई में हमारे साथ खड़ा होने के लिए हम एनसीएल का शुक्रगुजार हैं।

सीएसआर के तहत मिलने वाली राशि से अस्पताल आने वाले कैंसर मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही वर्तमान की सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। हमारा उद्देश्य उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों के कैंसर मरीजों को टाटा स्मारक केंद्र वाराणसी में अत्याधुनिक गुणवत्तापरक इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहर और प्रांतों में न भटकना पड़े और उन्हें घर के पास इलाज कराने में सहूलियत मिल सके।

एनसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित अनुषंगीं कम्पनी है, जो 135 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा संरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। विगत वर्ष एनसीएल सीएसआर के तहत 157.87 करोड़ खर्च कर स्वास्थ, शिक्षा,कौशल विकास, रोजगार सृजन, खेल प्रोत्साहन और दिव्यांग कल्याण को नव आयाम दे रही है।

## मां-बेटों की मौत: प्रेम विवाह के बाद पति से अलग रह रही थी बहन, भाई ने कही थी घर से निकलने की बात

**हमीरपुर , एजेंसी।** हमीरपुर जिले के मुस्करा कस्बे में एक बहन ने शनिवार शाम करीब तीन बजे अपने दो बच्चों सहित जहरीला पदार्थ खा लिया। इसमें महिला और बड़े बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, छोटे बच्चे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जिसकी रास्ते में मौत हो गई।

भाई द्वारा लड़कर घर से निकाले जाने के चलते बहन नाराज थी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के बंडवा गांव निवासी राजकुमारी पत्नी रामकुमार ने बताया कि उसकी बेटी मोहनी (26) ने 10 वर्ष पूर्व राठ क्षेत्र के कछुवा गांव निवासी हेमंत से प्रेम विवाह किया था।

पिछले दो वर्षों से पति-पत्नी विवाद के चलते अलग-अलग रह रहे थे। बेटी अपने दो बच्चों गौतम (5) व हर्ष (3) सहित नोएडा में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी। वो पिछले सप्ताह नोएडा से अपने मायके बंडवा आई थी। घर आने के बाद बेटी का अपने भाई गोलू से झगड़ा हो गया।

इसके चलते भाई ने उसे घर से निकल जाने की बात कह दी थी। इस पर वह अपने दादा धन्नु के घर में रह रही थी। शनिवार दोपहर वह अपने दोनों बच्चों को लेकर नोएडा जाने की बात कहकर घर से मुस्करा आ गई थी। यहां उसने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बच्चों सहित जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया की घटनास्थल पर मां-बेटे के शवों को कब्जे में ले लिया गया है। वहीं, छोटे बेटे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जिसकी रास्ते में मौत हो गई है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुस्करा कस्बा में शाम तीन बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब लोगों को मालूम चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे खाली पड़ी जमीन पर एक महिला दो बच्चों सहित मृत पड़ी है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला व एक बच्चे की मौके पर मौत हो चुकी थी।वहीं, दूसरा बच्चा जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा था। उसे आनन फानन पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया।

# युवक की हत्या कर सिर काटकर ले गए बदमाश

साहिबाबाद। टीला मोड़ थाने से करीब एक किलोमीटर दूर लोनी भोपुरा रोड पर सड़क किनारे जंगल में शनिवार सुबह साढ़े छह बजे करीब 30 साल के युवक का सिर कटा शव मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि बदमाश युवक की हत्या कर उसका सिर काटकर अपने साथ ले गए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम ने जांच पड़ताल की। युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की जांच के लिए पुलिस ने छह टीमें बनाई हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे प्लेटिनम वन सोसायटी के पास जंगल में एक लहूलुहान शव मिलने की सूचना मिली। टीम पर मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक का सिर कटा हुआ था। संतरी कलर की शर्ट खून से सनी थी जबकि युवक ने काला और सफेद व लाल पट्टी का लोअर पहना हुआ था। शव के पास एक सोफे का कवर भी खून से सना मिला है। पुलिस ने युवक की पहचान के लिए लोगों को बुलाया लेकिन अधिकांश लोगों ने उसकी शिनाख्त करने से मना कर दिया।

पुलिस का मानना है कि युवक का धारदार हथियार से सिर दूसरी जगह काटने के बाद शव को यहां फेंका गया। घटनास्थल पर पुलिस को ज्यादा खून नहीं मिला है। साक्ष्य एकत्रित करने के लिए फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस टीम को मृत युवक के दाहिने हाथ पर कुछ लिखा मिला है जो समझ में नहीं आ रहा है। इसके अलावा बाएं हाथ पर किसी नुकीली चीज से काटने के निशान मिले हैं। हालांकि यह कट पुराने थे। दोपहर में डॉग स्क्वाड की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच की लेकिन कोई अहम साक्ष्य नहीं मिले।

**लापता लोगों की सूची खंगाल रही टीम :** एसीपी का कहना है कि दिल्ली और आसपास के थानों में पिछले एक सप्ताह के दौरान लापता हुए लोगों की सूची खंगाली जा रही है। ऑनलाइन पोर्टल और थानों में संपर्क किया जा रहा है। साथ ही सभी थाने-चौकी के स्टाफ को अलर्ट कर दिया है। दो टीमें घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने में लगी है। अभी तक कोई ऐसा संदिग्ध वाहन नजर नहीं आया जिसमें से शव लाकर फेंका गया हो।

## शराब ठेके पर विवाद: युवक ने बीच सड़क पर काट ली गर्दन, खून बहते ही मचा बवाल

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के अछनेरा के गांव मांगरौल जाट में शराब ठेके पर लेनदेन के विवाद में युवक ने अपनी गर्दन धारदार हथियार से लहूलुहान कर ली। इसके बाद ठेका कर्मचारियों पर गर्दन काटने का आरोप लगाया। घायल युवक को लेकर थाने पहुंचे परिजन ने हंगामा किया। पुलिस ने घायल को एसएन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर है। मांगरौल जाट निवासी विष्णु पुत्र केदार मजदूरी करता है। आसपास के लोगों ने बताया कि रात करीब 9 बजे वह 500 रुपये लेकर अंग्रेजी शराब के ठेके पर शराब खरीदने गया था। वहां रुपये के लेनदेन में कर्मचारी से विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि युवक ने विवाद के बाद खुद ही धारदार हथियार से अपनी गर्दन पर प्रहार किए, जिससे लहूलुहान हो गया।

## आरटीओ में 20 दिन से कागज खत्म, 10 हजार आरसी देने को हैं लंबित, अधिकारियों ने मुख्यालय भेजा पत्र

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय (आरटीओ) में करीब 20 दिन से कागज खत्म हैं। इस वजह से 10 हजार से अधिक पंजीयन प्रमाण पत्र (आरसी) लंबित हैं। आवेदकों को रसीद देकर बाद में आने को कहा जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन ने मुख्यालय को पत्र लिखकर कागज की मांग की है।

आरसी में वाहन स्वामी का नाम व पता, वाहन के इंजन की क्षमता, चेसिस नंबर आदि की जानकारी होती है। नए वाहनों की आरसी सीधे डिस्ट्रीब्यूटर के पास भेजी जाती है। वाहनों के स्थानांतरण, पते में संशोधन और रजिस्ट्रेशन समाप्त होने पर आवेदक को संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होता है। एक दिन में आरटीओ में करीब 450 आरसी बनती हैं, जिसमें 200 नए वाहनों की होती हैं। यह आरसी एक खास तरह के नीले रंग के कागज पर प्रिंट होती है। लोकसभा चुनाव के दौरान आरटीओ में आरसी के कागज का स्टॉक कम होने लगा था। मुख्यालय से दो बंडल मंगवाए गए। किसी तरह कार्य चलता रहा, लेकिन अब संकट गहरा गया है। कुछ ही कागज बचे हैं। इस वजह से आरसी तैयार होने में समय लग रहा है।

मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। दो से तीन दिन में कागज आने की उम्मीद है। यह समस्या केवल कानपुर नहीं, कई शहरों में है। -राजेश राजपूत, एआरटीओ प्रशासन

**वाहन की आरसी लेने के लिए यह दस्तावेज होने जरूरी :** किसी वाहन की आरसी लेने के लिए कई दस्तावेज की जरूरत होती है। इसमें गाड़ी का प्रदूषण सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस सर्टिफिकेट, आपका पता, गाड़ी के सभी चालान क्लीयरेंस, पैन कार्ड की फोटो कॉपी, गाड़ी के इंजन और चेसिस नंबर का पेंसिल प्रिंट, खुद से अटेस्टेड किया गया पहचान पत्र। साथ में एक एफिडेविट भी देना होता है, जिसमे यह लिखा होता है कि आरसी खो गई है या फिर आरसी नहीं है। बनवाने का आवेदन।

## संपादकीय

# स्त्रियों के खिलाफ साल दर साल बढ़े अपराध

पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा उठने, खानपान, फैशन, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिकता बोध पैदा होने के बावजूद स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज में पुरुषवादी सत्ता शिथिल नहीं हो पाई है। इसी का नतीजा है कि स्त्रियों के खिलाफ अपराध हर बार बढ़े हुए ही दर्ज होते हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के पास इस वर्ष अभी तक बारह हजार छह सौ शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से ज्यादातर गरिमा के साथ जीने के अधिकार को ध्वस्त करने से संबंधित थीं। उनमें घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, पीछा करने, यौन उत्पीड़न, बलात्कार तथा बलात्कार की कोशिशों की शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें पांच सौ अठारह शिकायतें ऐसे मामलों में पुलिस की उदासीनता को लेकर भी दर्ज कराई गईं। सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से आईं। इससे एक बार फिर तमाम जागरूकता अभियानों, स्त्री और पुरुष में बराबरी की कोशिशों, स्त्री सुरक्षा के उपायों आदि के दावों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। उत्तर प्रदेश में स्त्री सुरक्षा के दावे सबसे ज्यादा बढ़-चढ़ कर किए जाते हैं, मगर स्त्री पर हिंसा की सबसे अधिक शिकायतें वहीं से मिली हैं।दरअसल, स्त्रियों के प्रति अत्याचार का सिलसिला इसलिए नहीं रुकने पा रहा कि आम भारतीय समाज उन्हें सम्मान की नजर से देखता ही नहीं। बेशक कुछ परिवारों में लड़कियों को पढ़ाई-लिखाई, नौकरियों और रोजगार वगैरह में प्रोत्साहन दिया जाने लगा है, मगर विडंबना है कि शिक्षित और नौकरीशुदा महिलाएं भी प्रताड़ना से मुक्त नहीं हो पाई हैं। ऐसी महिलाओं को पुरुष मानसिकता के अलग दुश्चक्र से गुजरना पड़ता है। घरेलू वातावरण में पुरुषवादी अहं का टकराव बड़ी आसानी से हिंसा में परिणत हो जाता है। रोजगार की जगहों पर यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न का जटिल घेरा है, तो समाज के विभिन्न स्तरों पर उसकी आजादी और गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्रश्नांकित होते रहते हैं। महिला आयोग जरूर स्त्रियों के खिलाफ हो रहे इन अमानवीय व्यवहारों को लेकर कुछ सख्त कदम उठाते देखे जाते हैं, पर जब शासन के स्तर पर भी महिलाओं को लेकर संकीर्ण नजरिया बना हुआ है।

# खालिस्तानी आतंक को बढ़ावा देता कनाडा

यह समझना मुश्किल है कि कनाडा आखिर भारत के साथ कैसे रिश्ते रखना चाहता है। इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारतीय प्रधानमंत्री से मिले तो कहा कि भारत के साथ कनाडा का कई मामलों में बेहतर तालमेल है और नई सरकार के साथ बातचीत आगे बढ़ाने का अवसर दिखाई दे रहा है। मगर वहां से लौटते ही उनका रुख बदल गया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर वहां की संसद में एक मिनट का मौन रखा गया। पिछले वर्ष कनाडा में निज्जर की हत्या कर दी गई थी। तब कनाडा सरकार ने आरोप लगाया था कि उसकी हत्या में भारतीय अधिकारी शामिल थे। हालांकि वह अभी तक इसका कोई सबूत नहीं पेश कर सका है। उसके बाद से कई जगहों पर खालिस्तानी अलगाववादियों ने भारत के खिलाफ उकसाने वाली गतिविधियां चला गईं, भारत की तरफ से उन पर सख्त कदम उठाने की अपील की गई, मगर कनाडा सरकार उन पर चुप्पी साधे रही। अब निज्जर की बरसी पर संसद में मौन रखने का प्रकरण एक तरह से भारत को उकसाने का नया प्रयास है।यह हैरानी की बात है कि निज्जर आखिर कनाडा सरकार को इतना प्रिय क्यों हो गया। आमतौर पर किसी देश की संसद में राष्ट्र के किसी सम्मानित व्यक्ति, किसी हादसे, जनसंहार या युद्ध में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निज्जर की गतिविधियों को लेकर कनाडा सरकार अनजान हो। भारत ने उसे आतंकवादियों की सूची में डाल रखा था। आतंकवाद के खिलाफ भारत की कटिबद्धता भी कनाडा से छिपी नहीं है। फिर भी कनाडा सरकार निज्जर की हत्या को इतना तूल दे रही है, तो इससे यही जाहिर होता है कि न तो वह आतंकवाद पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है और न भारत के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाने को लेकर। अगर ट्रूडो सरकार भारत के साथ बातचीत आगे बढ़ाने की इच्छुक होती।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए

**(प्रह्लाद सबनानी)**

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्धिक ऋण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है। अतः क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी रेपो दर में कमी करने के बारे में विचार नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर में कमी को घोषणा के बाद की जाय, क्योंकि यदि भारत रेपो दर में कमी की घोषणा करता है एवं फेडरल रिजर्व फेड दर में कमी नहीं करता है तो इससे अमेरिकी डॉलर के रूप में पूंजी का भारत से पलायन हो सकता है। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आंतरिक मजबूती के चलते ही अपने आर्थिक विकास को गति देने में सफल रही है।

> *यह कृषि क्षेत्र के साथ ही उद्योग एवं सेवा क्षेत्र को भी गति देने का काम करेगा, और इससे निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने की भी प्रबल सम्भावना रहेगी और अंततः विकास दर 7.2 प्रतिशत के स्थान पर 8 प्रतिशत की रह सकती है। अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अब चूंकि मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।*

भारतीय अर्थव्यवस्था, अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से अधिक रखने में सफल रही है। यदि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करता है तो इससे भारत में उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को वित्त/पूंजी की उपलब्धता कम ब्याज दरों पर होने लगेगी, इससे इन क्षेत्रों में कार्य कर रही इकाईयों की उत्पादन लागत कम होगी एवं इनकी लाभप्रदता में सुधार होगा। जिससे अंततः इन इकाईयों के विस्तार में आसानी होगी। देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंने लगेंगे। और फिर, अभी तो भारत के पास 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भी उपलब्ध है, यदि ब्याज दर कम करने से कुछ विदेशी पूंजी पलायन भारत से अन्य देशों के ओर होता भी है तो (हालांकि इसकी सम्भावना बहुत ही कम है क्योंकि भारत में विदेशी निवेश एवं विदेशी मुद्रा का आंतरिक प्रेषण भी भारी मात्रा में होता दिखाई दे रहा है) यह विदेशी मुद्रा भंडार भारत के आड़े वक्त में काम आएगा। भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्धिक ऋण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। इससे विभिन्न बैंकों की तरलता पर दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न बैंकों की तरलता सम्बंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में कई प्रयास करना शुरू भी कर दिए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहिले यह अनुमान 7 प्रतिशत का लगाया गया था परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8.20 प्रतिशत की वृद्धि दर को देखते हुए इसमें 20 आधार अंको की वृद्धि की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 7.3 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस वर्ष मानसून भी सामान्य से कुछ अधिक ही रहने की सम्भावना है एवं भारत में 'अल नीनो' के स्थान पर 'ला नीना' का असर होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। अल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः मानसून कमजोर हो जाता है एवं ला नीना के प्रभाव से मानसून मजबूत रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी मानसून की बारिश पर ही टिका हुआ है, अतः मानसून के दौरान ला नीना के प्रभाव को कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा माना जा रहा है। इस मुख्य कारण के चलते, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यदि यह प्रभाव भी वर्ष 2024-25 के दौरान इसी स्तर पर बना रहता है तो बहुत सम्भव है कि इस वर्ष के दौरान भी भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर हासिल की जा सके। तीसरे, इस वर्ष अच्छे मानसून के चलते ग्रामीण इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग में भी वृद्धि होगी।

# तन के साथ मन को भी स्वस्थ रखता है योग

**(योगेश कुमार गोयल)**

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। प्रतिवर्ष 21 जून को दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5410

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | |
| 9 | | 10 | | | 11 | 12 | |
| ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 | | 18 |
| 19 | 20 | | | ■ | 21 | | |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | ■ | | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता जिनका निधन 7 अगस्त 1941 को हुआ था (8)
7. समय क्षेत्र अंतर, भेदिया, दूत (2)
8. परवरिश करने वाला, पालन-पोषण करने वाला, एक प्रकार की हरी तरकारी (3)
9. पाताल जहां नागों का निवास स्थान है (4)
11. कैच, उचक, झपट्टा (3)
13. उन, वह (2)
16. समसामयिक, सहकालीन, युगपदता (5)
19. चिंता करना, भयभीत होना (4)
21. कत्ल करने वाला (3)
22. कत्ल करने वाला (3)
23. पेंदा, नीचे की सतह (2)
25. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
26. नया, नूतन, नवीन, नव (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कलाकृति, रचित करना, पुराणानुसार विश्वकर्मा की पत्नी का यह नाम था (3)
2. युद्ध में लड़ते-लड़ते मृत्यु प्राप्त होना (4)
3. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
4. धरती की वह सीमा जिस पर पानी न हो, सूखी धरती (2)
5. फुटबॉल, हॉकी आदि में विरोधी से गेंद छीनने का प्रयास करना (अंग्रेजी), समस्या का समाधान करना (3)
6. प्रेमकर्ता, प्रेमी, लहर (3)
10. नमक (मराठी), ऋण, कर्ज (अंग्रेजी)(2)
12. प्रतिपदा, पड़वा, पर्वनी (5)
14. देह के बाल, रोआं (2)
15. महाकवि कालीदास की एक प्रसिद्ध कृति (4)
16. प्राचीनकाल से चला आता हुआ क्रम, परंपरागत (4)
17. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
18. जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
20. रचना कर्म, अस्तित्व प्रदान, सृजन (3)
24. प्रेम, प्यार, मुहब्बत (2)

### वर्ग पहेली 5409 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | मै | का | ■ | म | ■ | पु | रू |
| मा | ला | ■ | स | म | त | ल | ■ |
| ■ | आं | ख | च | ला | ना | ■ | ट |
| अ | च | ल | ■ | स | जा | व | ट |
| त | ल | ■ | आ | न | ■ | रू | ल |
| ए | ■ | ■ | ना | ■ | गु | ण | ■ |
| व | जू | द | ■ | मी | ■ | गां | व |
| ■ | ल | र | ज | ना | ■ | धी | र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और नई योजनाओं में मन लगेगा। किसी यात्रा पर जाने से मन को सकून मिलेगा और आपके लिए कानूनी विवाद में सफलता के योग हैं और आज आपके लिए स्थान परिवर्तन का आदेश आ सकता है। आज दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बाद भी आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और सभी कार्य इच्छा के अनुसार पूर्ण होंगे। आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### वृष
आज का दिन शुभ है और आज आपके लिए धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और शाम तक कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको कहीं से विशेष सम्मान की प्राप्ति होने के योग हैं और आपके कारोबार में विशेष लाभ के योग हैं। भौतिक विकास का योग अच्छा है। शाम को आपको कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आपके भाग्य में वृद्धि होने के योग हैं।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी से बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का जरूर ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है और उसमें आपको भाग्य का भरोसा रखें। आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला
आज का दिन लाभकारक है। ऑफिस में माहौल काफी अच्छा रहेगा और कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको सफलता मिलेगी और परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। नए अवसरों के मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### वृश्चिक
आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्य करते रहें। परिवार में सुख शांति का माहौल रहेगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके लिए धन में वृद्धि के योग हैं। तो आपका हर काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होगा।

### धनु
आज का दिन काफी रचनात्मक है। आज आपको कोई क्रिएटिव काम पूरा करने में सफलता प्राप्त होगी। आप पूरा दिन काफी मेहनत करने में बिताएंगे। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको आज काफी रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपको सीनियर्स का सहयोग पाने में सफलता मिलेगी।

### कर्क
आज करियर के मामले में शुभ है और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसका फल आपको मिल जाएगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और ऑफिस में कुछ महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके मधुर विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और हर मामले में साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज खाने के मामले में लापरवाही न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आज किसी प्रकार का फालतू खर्च करने से बचें, वरना आपको पैसों की कमी हो सकती है। रात में कहीं शादी में जाने का मौका आपको मिल सकता है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपको धार्मिक कार्य के लिए वक्त निकालने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में बीतेगा और आपका मन खुश रहेगा।

### मकर
आज करियर के मामले में दिन सतर्कता के साथ बिताने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर एंजॉय करें। आपके लिए लाभ के अच्छे योग हैं।

### कुंभ
आज का दिन लाभकारक रहेगा। आज व्यापार में जोखिम उठाने का लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप सब कुछ हासिल कर सकते हैं। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### मीन
आज का दिन सामान्य है। पार्टनरशिप में जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। मुनाफा अच्छा होगा और काम धंधा अच्छा चलेगा। आज घरेलू काम को निबटाने का सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको संतान के करियर के मामले में लाभ होगा। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपके मन में परेशानी हो सकती है।



# शिव की शक्ति हैं षोडशी देवी

षोडशी माहेश्वरी शक्ति की सबसे मनोहर श्रीविग्रहवाली सिद्ध देवी हैं। महाविद्याओं में इनका चौथा स्थान है। सोलह अक्षरों के मंत्रवाली इन देवी की अंगकांति उदीयमान सूर्यमण्डल की आभा की भांति है। इनकी चार भुजाएं एवं तीन नेत्र हैं। ये शांतमुद्रा में लेटे हुए सदाशिव पर स्थित कमल के आसन पर आसीन हैं। इनके चारों हाथों में क्रमशः पाश, अंकुश, धनुष और बाण सुशोभित हैं। वर देने के लिए सदा सर्वदा तत्पर भगवती का श्रीविग्रह सौम्य और हृदय दया से आपूरित है। जो इनका आश्रय ग्रहण कर लेते हैं, उनमें और ईश्वर में कोई भेद नहीं रह जाता है। वस्तुतः इनकी महिमा अवर्णनीय है। संसार के समस्त मंत्र तंत्र इनकी आराधना करते हैं। वेद भी इनका वर्णन करने में असमर्थ हैं। भक्तों को ये प्रसन्न होकर सब कुछ दे देती हैं, अभीष्ट तो सीमित अर्थवाच्य है।

प्रशान्त हिरण्यगर्भ ही शिव हैं और उन्हीं की शक्ति षोडशी हैं। तन्त्रशास्त्रों में षोडशी देवी को पंचवक्त्र अर्थात पांच मुखों वाली बताया गया है। चारों दिशाओं में चार और एक ऊपर की ओर मुख होने से इन्हें पंचवक्त्रा कहा जाता है। देवी के पांचों मुख तत्पुरुष, सद्योजात, वामदेव अघोर और ईशान शिव के पांचों रूपों के प्रतीक हैं। पांचों दिशाओं के रंग क्रमशः हरित, रक्त, धूम्र, नील और पीत होने से ये मुख भी उन्हीं रंगों के हैं। देवी के दस हाथों में क्रमशः अभय, टंक, शूल, वज्र, पाश, खड्ग, अंकुश, घण्टा, नाग और अग्नि हैं। इनमें षोडश कलाएं पूर्ण रूप से विकसित हैं, अतएव ये षोडशी कहलाती हैं।

षोडशी को श्रीविद्या भी माना जाता है। इनके ललिता, राज राजेश्वरी, महात्रिपुरसुन्दरी, बालापंचदशी आदि अनेक नाम हैं। इन्हें आद्याशक्ति माना जाता है। अन्य विद्याएं भोग या मोक्ष में से एक ही देती हैं। ये अपने उपासक को भुक्ति और मुक्ति दोनों प्रदान करती हैं। इनके स्थूल, सूक्ष्म, पर तथा तुरीय चार रूप हैं।

एक बार पराम्बा पार्वतीजी ने भगवान शिव से पूछा– भगवन! आपके द्वारा प्रकाशित तन्त्रशास्त्र की साधना से जीवन के आधि व्याधि, शोक संताप, दीनता हीनता तो दूर हो जायेंगे, किन्तु गर्भवास और मरण के असह्य दुख की निवृत्ति तो इससे नहीं होगी। कृपा करके इस दुख से निवृत्ति और मोक्षपद की प्राप्ति का कोई उपाय बताइये। परम कल्याणमयी पराम्बा के अनुरोध पर भगवान शंकर ने षोडशी श्रीविद्या साधना प्रणाली को प्रकट किया। भगवान शंकराचार्य ने भी श्रीविद्या के रूप में इन्हीं षोडशी देवी की उपासना की थी। इसीलिये आज भी शांकरपीठों में भगवती षोडशी राजराजेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की श्रीयन्त्र के रूप में आराधना चली आ रही है। भगवान शंकराचार्य ने सौन्दर्यलहरी में षोडशी श्रीविद्या की स्तुति करते हुए कहा है कि अमृत के समुद्र में एक मणि का द्वीप है, जिसमें कल्पवृक्षों की बारी है, नवरत्नों के नौ परकोटे हैं, उस वन में चिन्तामणि से निर्मित महल में ब्रम्हमय सिंहासन है, जिसमें पंचकृत्य के देवता ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर आसन के पाये हैं और सदाशिव फलक हैं। सदाशिव के नाभि से निर्गत कमल पर विराजमान भगवती षोडशी त्रिपुरसुन्दरी का जो ध्यान करते हैं, वे धन्य हैं। भगवती के प्रभाव से इन्हें भोग और मोक्ष दोनों सहज ही उपलब्ध हो जाते हैं। भैरवयामल तथा शक्तिलहरी में इनकी उपासना का विस्तृत परिचय मिलता है। दुर्वासा इनके परमाराधक थे। इनकी उपासना श्रीचक्र में होती है।

# मणिद्वीप की अधिष्ठात्री भुवनेश्वरी देवी



देवी भागवत में वर्णित मणिद्वीप की अधिष्ठात्री देवी हृल्लेखा मंत्र की स्वरूपा शक्ति और सृष्टि में महालक्ष्मी स्वरूपा आदिशक्ति भगवती भुवनेश्वरी भगवान शिव के समस्त लीला विलास की सहचरी हैं। जगदम्बा भुवनेश्वरी का स्वरूप सौम्य और अंगकान्ति अरुण है। भक्तों को अभय और समस्त सिद्धियां प्रदान करना इनका स्वाभाविक गुण है। दशमहाविद्याओं में ये पांचवें स्थान पर परिगणित हैं। देवी पुराण के अनुसार मूल प्रकृति का दूसरा नाम ही भुवनेश्वरी है। ईश्वर रात्रि में जब ईश्वर के जगद्रूप व्यवहार का लोप हो जाता है, उस समय केवल ब्रह्म अपनी अव्यक्त प्रकृति के साथ शेष रहता है, तब ईश्वर रात्रि की अधिष्ठात्री देवी भुवनेश्वरी कहलाती हैं। अंकुश और पाश इनके मुख्य आयुध हैं। अंकुश नियंत्रण का प्रतीक है और पाश राग अथवा आसक्ति का प्रतीक है। इस प्रकार सर्वरूपा मूल प्रकृति ही भुवनेश्वरी हैं, जो विश्व को वमन करने के कारण वामा, शिवमयी होने से ज्येष्ठा तथा कर्म नियंत्रण, फलदान और जीवों को दंडित करने के कारण रौद्री कही जाती हैं। भगवान शिव का वाम भाग ही भुवनेश्वरी कहलाता है। भुवनेश्वरी के संग से ही भुवनेश्वर सदाशिव को सर्वेश होने की योग्यता प्राप्त होती है।महानिर्वाण तंत्र के अनुसार संपूर्ण महाविद्याएं भगवती भुवनेश्वरी की सेवा में सदा संलग्न रहती हैं। सात करोड़ महामंत्र इनकी सदा आराधना करते हैं। दशमहाविद्याएं ही दस सोपान हैं। काली तत्व से निर्गत होकर कमला तत्व तक की दस स्थितियां हैं, जिनसे अव्यक्त भुवनेश्वरी व्यक्त होकर ब्रह्मांड का रूप धारण कर सकती है तथा प्रलय में कमला से अर्थात व्यक्त जगत से क्रमशः लय होकर कालीरूप में मूल प्रकृति जाती हैं। इसलिये इन्हें काल की जन्मदात्री भी कहा जाता है। दुर्गासप्तशती के ग्यारहवें अध्याय के मंगलाचरण में भी कहा गया है कि मैं भुवनेश्वरी देवी का ध्यान करता हूं। उनके श्रीअंगों की शोभा प्रातःकाल के सूर्यदेव के समान अरुणाभ है। उनके मस्तक पर चंद्रमा का मुकुट है। तीन नेत्रों से युक्त देवी के मुख पर मुस्कान की छटा छायी रहती है। उनके हाथों में पाश, अंकुश, वरद एवं अभय मुद्रा शोभा पाते हैं। इस प्रकार बृहन्नीलतंत्र की यह धारणा पुराणों के विवरणों से भी पुष्ट होती है कि प्रकारान्तर से काली और भुवनेशी दोनों में अभेद है। अव्यक्त प्रकृति भुवनेश्वरी ही रक्तवर्णा काली हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गम नामक दैत्य के अत्याचार से संतप्त होकर देवताओं और ब्राह्मणों ने हिमालय पर सर्वकारण स्वरूपा भगवती भुवनेश्वरी की ही आराधना की थी। उनकी आराधना से प्रसन्न होकर भगवती भुवनेश्वरी तत्काल प्रकट हो गयीं। वे अपने हाथों में बाण, कमल पुष्प तथा शाक मूल लिये हुए थीं। उन्होंने अपने नेत्रों से अश्रुजल की सहस्त्रों धाराएं प्रकट कीं। इस जल से भूमण्डल के सभी प्राणी तृप्त हो गये। समुद्रों तथा सरिताओं में अगाध जल भर गया और समस्त औषधियां सिंच गयीं। अपने हाथ में लिये गये शाकों और फल मूल से प्राणियों का पोषण करने के कारण भगवती भुवनेश्वरी ही शताक्षी और शाकम्भरी नाम से विख्यात हुईं। इन्होंने ही दुर्गमासुर को युद्ध में मारकर उसके द्वारा अपहृत वेदों को देवताओं को पुनः सौंपा था। उसके बाद भगवती भुवनेश्वरी का एक नाम दुर्गा प्रसिद्ध हुआ। भगवती भुवनेश्वरी की उपासना पुत्र प्राप्ति के लिए विशेष फलप्रदा है। रुद्रयामल में इनका कवच, नीलसरस्वती तंत्र में इनका हृदय तथा महातन्त्रार्णव में इनका सहस्त्रनाम संकलित है।

# लक्ष्मी का रूप है शुक्र ग्रह




**शुक्र ग्रह को वैदिक अथवा पश्चिमी ज्योतिषाचार्यों ने स्त्री ग्रह का दर्जा दिया है। शुक्र जनन सम्बन्धी रोग अधिक पैदा करता है। स्त्रियों में रज और पुरुषों में वह वीर्य का मालिक होता है। शुक्र जब खराब फल देता है तो जातक को प्रमेह मन्दबुद्धि वीर्य और रज विकार नपुंसकता और जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग होते हैं।**

यदि किसी प्रकार से दवाई के प्रयोग करने के बाद भी रोग का अन्त नहीं हो तो समझना चाहिए कि कुन्डली में शुक्र किसी न किसी प्रकार से खराब है और शुक्र का समय भी चल रहा होता है। शुक्र का प्रभाव जब अच्छा होता है तो जातक के पास जमीन जो खेती के काबिल होती है वह प्राप्त होती है, स्त्री सम्बन्धी सुख प्राप्त होता है, घर की सजावट संबंधी सामान आता है आदि।

शुक्र ग्रह के कारण पैदा किसी भी बीमारी के लिए जातक को भूत–डामर तंत्र के अनुसार तुलादान करना चाहिए। तुलादान में प्रयोग किए जाने वाले कारकों में सफ़ेद वस्त्र चावल फल पका हुआ स्वच्छ अन्न प्रयोग किया जाता है। जिन जातकों का जन्म 6 तारीख के जोड में हुआ हो वे शुक्र की पूजा अर्चना करने के बाद जाप करें तथा हीरा या जर्किन नामका पत्थर धारण करें। फ़िरोजा साढे पांच रत्ती का भी लाभदायक होता है। शुक्राचार्य ने भगवान विष्णु को वामन अवतार धारण करते वक्त पृथ्वी को दान में न देने के लिए अपनी एक आंख कमंडल में संकल्प के लिये जल नही आने देने के लिये फुड़वा ली थी। तभी से शुक्र का रूप एक आंख का माना जाता है। मान्यता है कि माया की एक आंख होती है वह या तो आती नहीं और आती है तो उसे टिकाने के लिए एक ही लक्ष्य को याद रखना पडता है अच्छा या फिर बुरा। जो व्यक्ति भोर का तारा यानी शुक्र के उदय के समय जागकर अपने नित्य कर्मों में लग जाता है वह लक्ष्मी का धारक बन जाता है और जो व्यक्ति सूर्योदय के समय जग कर अपने नित्य कर्मों के अन्दर लगता है वह संसार के साथ चल कर केवल पेट भरने का काम कर सकता है।

# भगवान की आकृति दर्शन करने का माध्यम है...



प्रत्येक आनुष्ठानिक पूजा–भजन की समाप्ति पर अथवा साधु–महात्मा का स्वागत करते समय हम आरती उतारते हैं। इसके बाद घंटी बजाई जाती है, कई बार भजन गाया जाता है और वाद्य–संगीत तथा ताली भी बजती रहती है। आरती पूजा–विधि के सोलह सोपानों में से एक है। इसका संबंध मंगलमय प्रकाश से है। जलता हुआ दीपक दाएं हाथ में लेकर भगवान की सम्पूर्ण आकृति को प्रकाशित करने के लिए दीपशिखा को दाईं ओर से आरंभ करके गोलाकार ढंग से घुमाया जाता है। घूमते हुए प्रकाश के साथ–साथ हम मन ही मन या फिर बोल कर प्रार्थना करते रहते हैं अथवा दीपक के प्रकाश से प्रदीप्त भगवान की सुंदर आकृति को केवल निहारते रहते हैं। आरती के पश्चात हम अपने हाथ दीपक की लौ पर ले जाकर हल्के से अपनी आंखों को छू कर सिर के ऊपर लगाते हैं। इसका अर्थ है जिस प्रकाश ने भगवान की आकृति को प्रदीप्त किया वही मेरी अंतर्दृष्टि को प्रकाशित करें। मेरी दृष्टि दिव्य बने, विचार शुद्ध एवं सुंदर हों। प्रेम से भगवान की पूजा कर लेने पर अभिषेक, मूर्ति को सजाने और फल–भोजन आदि सणर्पित कर लेने पर हमें उनकी सुंदरता सम्पूर्ण रूप में दिखाई देती है।

# धन, संपदा, ऐश्वर्य और ख्याति को आमंत्रित करें...



अनुमानतः 35 वर्ष से अधिक से मैं श्री सूर्य नमस्कार कर रहा हूं। प्रभु ने मुझे जो सुखानुभूति दी है, वह मैं शब्दों में नहीं लिख सकता हूं, ठीक गूंगे को गुड़ का स्वाद न बता पाने की मनःस्थिति की तरह। भगवान श्री सूर्य नारायण प्रत्यक्ष देवता हैं। सृष्टि क्रम में इनका विशेष स्थान है। वैसे तो सूर्य के अनेक नाम (मंत्र) विभिन्न योग–मुद्राओं के साथ जप करने का विधान है परंतु सरलतम उपाय है नाड़ी शोधन करके सूर्य के 12 मंत्रों से सूर्य को अर्ध्य देना। प्राणायाम के द्वारा जिसका निःशेष मन धुल गया है, ऐसा मन ही ब्रह्म में स्थित है। अतः सर्वप्रथम सूर्य के सम्मुख नाड़ी शोधन करने का प्रयास करें। ऐसा करने से ही प्राणायाम करने की शक्ति प्राप्त होती है। अपने अंगूठे से दाहिने नथुने को दबा कर बाएं नथुने से अपनी शक्ति के अनुसार श्वास खींचें, फिर तुरंत बाएं नथुने को दबा कर दाहिने से श्वास धीरे–धीरे बाहर निकाल दें। इसी प्रकार धीरे–धीरे दाहिने नथुने से श्वास खींच कर पूरी तरह फेफड़ों को वायु से भर लें और दाहिना नथुना दबाकर बाएं से श्वास धीरे–धीरे बाहर फैंक दें। इस प्रकार रुक–रुक कर अपने सामर्थ्यानुसार 3, 5 अथवा अधिक आवृत्तियां पूरी करें। ध्यान को अंदर ही केंद्रित करें। कुछ ही समय में आपकी अंतःनाड़ी शुद्धि हो जाएगी। नाड़ी शोधन के बाद सूर्य देव के सम्मुख जल के किसी पात्र से 12 बार ऐसे जल छोड़ें कि सूर्य की रश्मियां जल से छन कर आपके पूरे शरीर का स्पर्श करें। प्रत्येक अर्ध्य देने से पूर्व सूर्य का एकनाम (मंत्र) जपें)

## सूर्य के 12 प्रभावी मंत्र हैं

1. मित्राय नमः 2. रवये नमः 3. सूर्याय नमः 4. भानवे नमः 5. खगाय नमः 6. पूष्णे नमः 7. हिरण्यगर्भाय नमः 8. मरीचये नमः 9. आदित्याय नमः 10. सवित्रे नमः 11. अर्घाय नमः 12. भास्कराय नमः।

अंतिम मंत्र जप तथा अर्ध्य के बाद दाएं हाथ की सूर्य उंगली अर्थात अनामिका से अर्घ्य से नीचे गिरे जल को स्पर्श कर अपने आज्ञा चक्र पर लगा कर उसे चैतन्य करें। दोनों हाथों को आपस में रगड़कर उत्पन्न हुई ऊर्जा को चेहरे पर फेर कर उसे कांतिमय बनाएं। हाथों की रेखाओं को देखें। ऐसा भाव जगाएं कि सारी रेखाएं ऊर्ध्वगामी हो रही हैं। इससे सूर्य रेखा व भाग्य रेखा प्रबल होगी। जिस व्यक्ति की ये दोनों रेखाएं प्रबल हो जाएं तो फिर धन, संपदा, ऐश्वर्य, ख्याति आदि उससे कहां दूर रह जाएगी।





# कल्कि 2898 एडी में उत्तरा का किरदार निभा रही हैं मालविका नायर

कल्कि 2898 एडी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे देखने के बाद दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और दर्शकों को उम्मीद है कि बस चंद दिनों में कुछ अलग देखने को मिलेगा। देखने की बात चली है तो बता दें कि फिल्म के नए ट्रेलर में एक नया किरदार भी देखने को मिला है, जिसके बारे में अब तक कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही थी।

## उत्तरा का किरदार निभा रही हैं मालविका नायर

दरअसल, कल्कि 2898 एडी के नए ट्रेलर में अभिनेत्री मालविका नायर की भी झलक देखने को मिली है, जिसके बाद अब उनके किरदार को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मालविका इस फिल्म में महाभारत की उत्तरा का किरदार निभा रही हैं, जो अर्जुन के बेटे अभिमन्यु की पत्नी होती हैं। ट्रेलर में उन पर ब्रह्मास्त्र के जरिए हमला होता हुआ दिखाई देता है। बता दें कि अश्वत्थामा उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चलाता है क्योंकि वो पांडवों को नहीं मार पाता है। बाद में, भगवान कृष्ण उसके बच्चे की जान बचाते हैं।

## 27 जून को होगी रिलीज

कल्कि 2898 एडी का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। फिल्म 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी और कमल हासन मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज द्वारा किया गया है। संतोष नारायणन ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। यह एक काफी लंबी फिल्म है, जिसकी अवधि 3 घंटे और 56 सेकेंड है। फिल्म सेंसर बोर्ड से हरी झंडी पा चुकी है। इसे यू/ए प्रमाण पत्र दिया गया है।

# दिव्या खोसला स्टारर फिल्म हीरो हीरोइन में नजर आएंगी प्रियंका चाहर चौधरी

**एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी आज टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी हैं। वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह दिव्या खोसला स्टारर तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वह इस फिल्म में अहम रोल निभाने वाली हैं।**

प्रियंका ने कहा कि मैं हीरो हीरोइन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्ममेकर प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना वाकई शानदार है। यह फिल्म सुनहरा अवसर है, और मैं ऐसे टैलेंटेड कलाकारों और क्रू के साथ अपने किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है, और मैं दर्शकों के लिए कुछ खास लाने के लिए शुरू होने वाले सफर का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म के जरिए प्रियंका तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, हीरो हीरोइन में परेश रावल और सोनी राजदान भी हैं। इसकी शूटिंग जुलाई में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाली है।

प्रियंका अपने वेब शो दस जून की रात की रिलीज के लिए भी तैयार हैं, इसमें उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। शो का प्रीमियर जल्द ही होने वाला है। जयपुर में जन्मी प्रियंका ने 2018 में फिल्म लतीफ टू लादेन में चांदनी की भूमिका निभाई। इसके बाद 2019 में गठबंधन के साथ छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। वह क्राइम थ्रिलर फिल्म कैंडी ट्विस्ट में भी नजर आईं।

# चंदू चैंपियन की मुरीद हुईं विद्या



विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन देखी और उन्हें ये खूब पसंद भी आई और अब उन्होंने इसकी समीक्षा की है। विद्या फिल्म की स्क्रीनिंग में भी शामिल हुई थीं, अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कार्तिक और फिल्म की तारीफ की। विद्या ने चंदू चैंपियन की मनोरंजक कहानी के लिए कार्तिक आर्यन और कबीर खान की सराहना की और प्यार भी लुटाया। उन्होंने सभी को पद्मश्री मुरलीकांत पेटकर की इस रोमांचक कहानी को देखने की सलाह दी, उन्होंने कार्तिक की मेहनत को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि वे कहानी देख के चौंक गईं, क्योंकि वह प्रेरणादायक थी और कार्तिक को अपना प्यार भेजा और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुझे फिल्म की कहानी बहुत पसंद आई और कार्तिक ने बहुत मेहनत की है और ऐसे ही वे आगे बढ़ते रहें।



# इमरान हाशमी ने ठुकराया था आशिकी 2 का ऑफर



आशिकी 2 फिल्म से श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी ने जमकर सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म के गाने इतने कमाल के थे कि लोग आज भी उन्हें सुनते हैं। आशिकी 2 से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि आदित्य रॉय कपूर इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थे। उनके द्वारा निभाए गए राहुल के रोल के लिए पहले इमरान हाशमी से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने यह किरदार निभाने से मना कर दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान का मानना था कि इस फिल्म की कहानी के हिसाब से किसी नए अभिनेता को लेना ज्यादा सही रहेगा बाद में, जब फिल्म रिलीज हुई तो इमरान हाशमी की बात एकदम सही साबित हुई।

# साई केतन राव ने अभिनय के लिए छोड़ दी थी अच्छी खासी नौकरी

बिग बॉस ओटीटी 3 के प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। आइए जानते हैं कैसे और कहां से शुरू हुआ बिग बॉस ओटीटी 3 के इस प्रतिभागी का ये सफर।

## अभिनय के लिए छोड़ी नौकरी

साई केतन राव का ताल्लुक महाराष्ट्र के लोनावाला से है। उनका जन्म यहीं के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। हालांकि, वह तेलांगना, हैदराबाद में जा कर बस गए। उनके पिता एक आर्किटेक्ट हैं और उनकी मां न्यूट्रिशनिस्ट हैं। साई ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक और फिर एमबीए किया। इसके बाद उन्होंने एक ऑस्ट्रेलियन कंपनी में नौकरी शुरु की, लेकिन बचपन से ही उन्हें अभिनय से लगाव था। इस वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ रामानायडू फिल्म स्कूल में दाखिला लिया। कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने शॉर्ट फिल्मों से शुरुआत की। अभी उनकी अपनी एक प्रोडक्शन कंपनी है, जिसका नाम ऑरम मोशन पिक्चर्स है।

## मेंहदी है रचने वाली से टीवी पर मिली पहचान

साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो मेंहदी है रचने वाली में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने चाशनी और इमली जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने थ्री हाफ बॉटल्स, लव स्टूडियो, लवली, अहम ब्रह्मास्मि, स्ट्रेंजर्स आदि सीरीज में काम किया है।



# हम सब किसी न किसी के हाथ की कठपुतली हैं

हिन्दी सिनेमा में पिछले एक दशक से एक ऐसा चरित्र अभिनेता उभरा है, जिसने अपने अभिनय के दम पर दर्शकों को आकर्षित करने में बड़ी कामयाबी प्राप्त की है। उसकी अभिनय क्षमता ने निर्देशकों को उसके लिए भूमिकाएँ लिखने को मजबूर किया है। इस अभिनेता ने न सिर्फ फिल्मों में अपितु वेब सीरीज में अपनी एक अलग पहचान कायम की है। यह अभिनेता हैं पंकज त्रिपाठी, जो इन दिनों अपनी वेब सीरीज मिर्जापुर 3 को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर एक भव्य कार्यक्रम में लांच किया गया था। पंकज त्रिपाठी ने मुंबई के बांद्रा में मिर्जापुर के तीसरे सीजन के ट्रेलर लॉन्च में कहा है कि अभिनेता सिर्फ कठपुतली होते हैं और वही करते हैं जो लेखक या निर्देशक उनसे कहते हैं। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर लॉन्च में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, हर्षिता शेखर गौर और शीबा चड्ढा के साथ शामिल हुए। पंकज त्रिपाठी ने एमसी से कहा, हम अभिनेता सिर्फ कठपुतली हैं। लेखक और निर्देशक शो चलाते हैं और कहानी को अच्छे तारीके से पेश करते हैं। अभिनेता के रूप में, हम वही करते हैं जो हमें बताया जाता है या जो हमें करने को कहा जाता है। इसके बाद अभिनेता ने बयान में थोड़ा सुधार किया और आगे कहा, चलिए... ठीक है, जैसा ऊपर वाला हमसे करवा रहा है और हम कर रहे हैं, हम जिंदगी भी भगवान के हिसाब जी रहे हैं। मैं इसलिए ऐसा कह रहा हूं क्योंकि हम सब किसी न किसी के हाथ की कठपुतली हैं। मुझे लगता है कि सब लोग अपनी-अपनी जगह सही हैं। मिर्जापुर सीजन 3 में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेंथुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, प्रमोद पाठक, शेरनवाज जिजिना, मेघना मलिक, मनु ऋषि चड्ढा, नेहा सरगम, लिलिपुट फारूकी, अलका अमीन, अनंगशा बिस्वास, शाहनवाज प्रधान, रोहित तिवारी, प्रशंसा शर्मा, अनिल जॉर्ज एक बार फिर धमाका करते नजर आने वाले हैं।



# रौतू का राज में फिर पुलिस ऑफिसर बनकर लौटे नवाजुद्दीन

**कहानी, रईस और रात अकेली है के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर पुलिस ऑफिसर के किरदार में फिल्म रौतू का राज' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 28 जून से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अलावा राजेश कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर नवाजुद्दीन ने खास बातचीत के दौरान दिलचस्प बातों का खुलासा किया।**

नवाज ने बताया कि एक बार कमल हासन ने एक ऐसा टास्क दे दिया था कि उनकी रातें खराब हो गईं थी। लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उनके टास्क के वजह से एक ही किरदार को अगल- अलग तरीके से निभाने की प्रेरणा मिली।

## नवाज भाई आप बताए, इस फिल्म में ऐसी कौन सी बात आपको खास लगी?

इस फिल्म का किरदार मुझे काफी अलग लगा। हालांकि मैंने पहले भी कॉप के किरदार निभाए हैं। लेकिन इस फिल्म में कॉप का जो किरदार है, वो अंदर से बहुत अलग इंसान है। इन्वेस्टिगेशन के माध्यम से जब वो प्योरिटी की तरफ जाता है। उसमें आग नजर आता है। वह मुझे बहुत अच्छा लगा। फिल्म की राइटिंग बहुत इंट्रेस्टिंग है।

## आपको वर्दी वाले किरदार में देखना दर्शक भी बहुत पसंद करते हैं, यह किरदार आप पर सूट भी बहुत करता है?

ऐसी बात इसलिए हो रही है, क्योंकि यह फिल्म आ रही है। पहले गैंगस्टर की फिल्में आती थी तो लोग कहते थे कि गैंगस्टर के रोल में अच्छे लग रहे हैं। जब आप एक ही किरदार को अलग- अलग तरीके से करते हैं, तो उसमें आपकी स्किल देखी जाती है। इसी स्किल के चक्कर में एक बार कमल हासन साहब ने एक बड़ा टास्क दे दिया था।

## क्या था वह टास्क?

एक बार मैं कमल हसन साहब के साथ बैठा हुआ था। यह बहुत पहले की बात है। कमल सर जब 'अभय' और 'हे राम' फिल्म के दौरान मुंबई आते थे तो मुझे और स्वानंद को बुला लेते थे। हम लोग एक्टिंग पर डिस्कस करते थे। मैंने कमल सर को तुगलग प्ले की स्पीच सुनाई। स्पीच सुनने के बाद कमल जी ने एक टास्क दिया। वो बोले कि अगली बार जब मिलेंगे तो इसके पांच वर्जन सुनाना। मैं यह सुनकर शॉक्ड हो गया। वो बोलकर चले गए और हमारी रातें खराब हो गई। लेकिन हमें बाद में समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उसी वजह से आज एक ही किरदार को अलग- अलग तरीके से निभा पाता हूं।

## दीपक नेगी के किरदार के लिए किस तरह की तैयारी करनी पड़ी?

मैंने इस किरदार के लिए कुछ ज्यादा तैयारी नहीं की थी। जिस गांव में फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। जब वहां पहुंचे तो हमारी बॉडी खुद ही रिएक्ट करने लगी। हमें वहां एक्टिंग करने की जरूरत ही नहीं पड़ी। सीन की जैसी डिमांड थी, हम वैसा ही कर रहे थे। हमें लग रहा था कि बात ही तो कर रहे हैं और कैमरा हमें फॉलो कर रहा है।

## इस फिल्म की यूएसपी क्या है?

यह ऐसी थ्रिलर फिल्म है, जिसमें ड्रामा नहीं है। एकदम स्लो मोमेंट में फिल्म की कहानी चलती रहती है। यही इस फिल्म की खूबसूरती है। इसमें किरदार भी मुझे इसलिए पसंद आया, क्योंकि इन्वेस्टिगेशन करते- करते उसकी खुद की कंप्लीसिटी उसके साथ चलती है। जिन चीजों से वह काफी समय से जूझ रहा था इन्वेस्टिगेशन के साथ-साथ वह भी पूरा होता है।

# बिग बॉस ओटीटी 3 को लेकर मन्नारा एक्साइटेड



बिग बॉस ओटीटी 3 का आज रात प्रीमियर हो गया है। फैंस के साथ-साथ मन्नारा भी इस सीजन के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

हाल ही में, मन्नारा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मन्नारा से पूछा गया कि इस बार की सीजन कैसा होने वाला है। इस पर मन्नारा ने कहा, शो झक्कास होने वाला है, बस इस बार शो में कपल्स न आए। फैंस भी मन्नरा की इस बात पर अपनी सहमति जता रहे हैं।

# रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट अब जीएसटी के दायरे से बाहर, वित्त मंत्री का परिषद की बैठक के बाद एलान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के अलावे डॉरमेट्री, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। अब ऐसी सुविधाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। किसी खास समाज की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टल पर भी जीएसटी देय नहीं होगा अगर कोई व्यक्ति वहां 90 दिन लगातार रहते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद् की बैठक के बाद ये बातें कही।

53 वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, परिषद ने सभी दूध के डिब्बे पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने




की सिफारिश की है। इसका मतलब है कि स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम के बने जो भी केन दूध के डिब्बे के तौर पर प्रयोग होंगे उन पर नई दरें लागू होंगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स, कॉरिगेटेड और ननकॉरिगेटेड कागज या पेपर बोर्ड सभी पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। इस फैसले से विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के सेब किसानों को फायदा होगा। वित्त मंत्री के अनुसार परिषद ने यह भी स्पष्ट किया और सिफारिश की है कि फायर वाटर स्प्रिंकलर सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

### अपीलीय प्राधिकरण से जुड़ी यह सिफारिश की गई

परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 25 करोड़ एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 20 एसजीएसटी कर दी की। यह अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि है। परिषद ने सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन करने का भी निर्णय किया है और सिफारिश की है कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर करने के लिए तीन महीने की अवधि उस दिन से शुरू होगी जिसे सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया करदाताओं द्वारा अपील की गई टैक्स फाइलिंग दाखिल करने की अवधि 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कोई चर्चा नहीं की गई।

### बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मिली यह जिम्मेदारी

53वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को दर युक्तिकरण के जीओएम का अध्यक्ष बनाया गया है। अगली बैठक में सम्राट चौधरी इसके लिए किए गए कार्यों पर यथास्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दरों को तर्कसंगत बनाने का काम शुरू होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि छोटे करदाताओं को फायदा देने के लिए जीएसटीआर 4 फाइल करने की समय सीमा को जून 30 कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक पैनल्स में सुविज्ञता रखने वाली एक निर्माता, शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड ने 21 जून, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर बैंड पर 64.32 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, और प्रमाणित अधिग्रहणों के मार्फत इनॉर्गेनिक ग्रोथ को सपोर्ट करने के लिए एक रूपटॉप को शामिल करते हुए एक नई असेंबली लाइन के निर्माण और नई मशीनरी खरीदने सहित पूंजी खर्चों का वित्त पोषण करने के लिए और आम कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 21 जून, 2024 को खुलेगी. सभी अन्य श्रेणियां के अभिदान के लिए इश्यू 24 जून, 2024 को खुलेगा और 26 जून, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर कॉर्पोरेट कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड के फाउंडर एवं मैनेजर डायरेक्टर, श्री अमित कंवर जिंदल ने कहा, शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड में हमने 20 वर्षों के उद्योग अनुभव के साथ कंपनी ने जोरदार फाउंडेशन स्थापित किया है. सिमेंस, श्रेडर इलेक्ट्रिक , एलएनटी और टीडीके जैसे उद्योग लीडरों के साथ हमारी भागीदारी क्वालिटी और इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर रोशनी डालती है. आगामी आईपीओ हमारी कार्यशील पूंजी बढ़ाने, हमारे पैनलों की बढ़ती मांग पूरी करने और और तेजी से डेवलप हो रहे डाटा सेंटर क्षेत्र में विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक फंडिंग प्रदान करेगा. ऑटोमेशन को प्रोसेस करने, इकोनामिक ऑफ़ स्केल का उपयोग करने और ओईएम से डायरेक्ट सोर्सिंग के मार्फत प्रोडक्ट की क्वालिटी में सुधार जैसे वैल्यूएडेड आफरिंग और हमारे व्यूहात्मक फोकस ने हमें भावी ग्रोथ के लिए अच्छी स्थिति में पहुंचाया है. निर्यात बाजारों विशेष रूप से अफ्रीका और मध्य पूर्व में हमारा जोर विशेष रूप से हमारे विस्तार प्रयासों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है. आईएमटी फरीदाबाद में आधुनिक सुविधा और समर्पित टीम के साथ हम भारत में आईटी और डाटा सेंटर उद्योग में उभरते सुअक्सरों का लाभ लेने के लिए सुसज्ज है. यह आईपीओ हमारे व्यूहात्मक टारगेट को सपोर्ट करने और इलेक्ट्रिक पैनल्स उद्योग में उत्कृष्टता की हमारी विरासत को बरकरार रखने के लिए महत्वपूर्ण है.

### जोमाटो, भेल सहित 10 कंपनियों ने निवेशकों को किया मालामाल, 1 साल में पैसा डबल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पिछ्ले एक साल के दौरान बीएसई 100 इंडेक्स में कई कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इन कंपनियों में जोमैटो, ट्रेंट और बजाज ऑटो भी शामिल है। इसमें कई पीएसयू स्टॉक भी है। मालामाल करने वाली कंपनियों की लिस्ट में ट्रेंट भी एक शामिल है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 213 प्रतिशत बढ़ा है। यानी निवेशकों का पैसा दोगुना है। वहीं, जोमैटो का भी प्रदर्शन बीते एक साल के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 162 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, बजाज ऑटो की बात करें तो कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछ्ले एक साल में 107 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के शेयरों में बीते एक साल में 200 प्रतिशत की तेजी आई है। इस पीएसयू स्टॉक का भाव 6 महीने में 22 प्रतिशत बढ़ा है। गेल इंडिया के पोजीशनल निवेशकों का पैसा भी बीते एक साल में दोगुना हो गया है। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 104 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। रिटर्न के मामले में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स भी किसी से कम नहीं है। इस स्टॉक की कीमतों में 154 प्रतिशत की तेजी बीते एक साल में दर्ज की गई है।

## नमकीन बनाने वाली कंपनी बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल के शेयर पर टूटे निवेशक




**नई दिल्ली , एजेंसी।** शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के बीच कुछ शेयरों को खरीदने की लूट सी मच गई। इसमें से एक शेयर- बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड का है। शुक्रवार को बीकाजी फूड्स के शेयर की कीमत लगभग 4 प्रतिशत उछलकर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। ट्रेडिंग के दौरान बीएसई पर बीकाजी फूड्स के शेयर 3.91 प्रतिशत बढ़कर 747.95 पर पहुंच गए। कारोबार के अंत में इस शेयर की कीमत 728.40 रुपये थी। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.20 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। यह शेयर एक महीने में 36 प्रतिशत से अधिक और पिछले एक साल में 77 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है।

### ब्रोकरेज फर्म ने क्या कहा

ब्रोकरेज फर्म नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने इस शेयर पर कवरेज शुरू कर दिया है। नुवामा इक्विटीज ने बिकाजी फूड्स के शेयरों पर खरीदें रेटिंग के साथ ही 885 का टारगेट प्राइस दिया है। यह 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है। इस ब्रोकरेज ने कहा- उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं के कारण नमकीन स्नैक्स की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा एथनिक स्नैक्स की बढ़ती लोकप्रियता और असंगठित क्षेत्र का एकीकरण आने वाले वर्षों में बीकाजी के विकास को बढ़ावा देता रहेगा। नुवामा ने कहा कि स्वादिष्ट स्नैक्स, ब्रांड इक्विटी, अनुकूल रुझान और विस्तार की गुंजाइश इसे आकर्षक बनाती है। बता दें कि बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल तेजी से बढ़ते भारतीय नमकीन स्नैक्स बाजार में एक दिग्गज कंपनी है। यह संगठित एथनिक स्नैक्स बाजार में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है। यह फैमिली पैक्स में मार्केट लीडर है और अपने मुख्य राज्यों- राजस्थान, असम और बिहार में अग्रणी है।

### कंपनी के नतीजे

वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के दौरान कंपनी ने नेट प्रॉफिट में 200 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की। यह प्रॉफिट 116.28 करोड़ रुपये था, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 38.67 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में परिचालन से राजस्व भी 12.8 प्रतिशत बढ़कर 520.82 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल की समान अवधि में 461.69 करोड़ रुपये था।

## उद्यमियों को बजट में कर-राहत, GST दरें कम किए जाने की उम्मीद

**पुणे, एजेंसी।** उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जाने वाले 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक शनिवार को दिल्ली में हो रही है, जहां जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी परिषद की पिछली बैठक अक्टूबर 2023 में हुई थी। लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार में यह जीएसटी की पहली बैठक है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए।




केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने चुनाव से पहले फरवरी, 2024 में अपने चालू खर्चों के लिए धन के लिए केवल लेखानुदान पेश किया था। इसके पहले सोच थी कि चुनाव बाद नई सरकार को अपना पूर्ण बजट पेश करने का मौका देने की परंपरा को बनाए रखा जाए। नई सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। अग्रवाल ने कहा कि हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो इस साल से सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों (एमएसएमई) के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है। इसमें व्यापारियों को खरीदे गए माल का भुगतान 45 दिनों के भीतर करना होगा लेकिन व्यापारी भुगतान के लिए 90 दिन का समय मांग रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इससे व्यापार पर असर पड़ता है। अग्रवाल ने कहा, खुदरा व्यापारियों के लिए सस्ती ब्याज दरें आसान होनी चाहिए ताकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। एएमसीसीआईई के उपाध्यक्ष नरेंद्र गोयल और महाराष्ट्र के अध्यक्ष मनीष तवारावाला ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सरकार से सीमेंट, स्टील और वाहनों पर जीएसटी को वर्तमान में 28 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने की मांग की।

## भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम




**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं, जिनमें से 480 पिछ्ले साल ही स्थापित किए गए। यह संख्या 2022 में स्थापित डीपटेक स्टार्टअप की संख्या से लगभग दोगुना अधिक है। हालांकि, भारत की डीपटेक संभावनाएं वित्तपोषण की कमी के कारण अवरुद्ध हैं। इसमें कहा गया, कुछ अन्य प्रमुख डीपटेक पारिस्थितिकी तंत्र में स्टार्टअप की तुलना में भारतीय डीपटेक स्टार्टअप को हर चरण में औसत निवेश का एक अंश ही प्राप्त होता है। वित्तपोषण की यह कमी कुछ होनहार डीपटेक स्टार्टअप के आगे बढ़ने की क्षमता को सीमित करती है। इससे वैश्विक डीपटेक दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने की भारत की क्षमता में बाधा उत्पन्न होती है।

## सेंसेक्स में कंपनियों ने पिछले हफ्ते बनाया पैसा, निवेशक गदगद

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।

बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1




करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया।

आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया।

टीसीएस की बाजार हैसियत 8,321.6 करोड़ रुपये घटकर 13,78,111.45 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 7,261.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,04,262.65 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 7,46,454.54 करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## रोहित शर्मा ने किया स्टार्ट-अप में निवेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक स्टार्ट-अप में निवेश किया है। उन्होंने एजुकेशन-फिनटेक में पैसा लगाया है। इस कंपनी को पहले फाइनेंपीयर नाम से जाना जाता था। रोहित शर्मा के निवेश के बारे में कंपनी ने इसी हफ्ते मंगलवार को जानकारी दी। बता दें, पिछ्ले 3 साल में 2 निवेशों से कंपनी ने 291 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

लीव की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि रोहित शर्मा के निवेश से हमारी कंपनी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। कंपनी एंजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में लम्बे समय से नगदी प्रवाह के मामले को सुलझा पाएगी। कंपनी भारत भर में छात्रों को इनोवेटिव सॉल्यूशन भी दे पाएगी।

रोहित शर्मा ने इस मौके पर कहा, मैं एजुकेशन को गुणवत्तापूर्ण और क्रांतिकारी बनाने के लिए लीव के मिशन का सहयोग करने के लिए उत्साहित हूं। वे छात्र और अभिभावकों के लिए जिस तरह से काम कर रहे हैं वो काफी प्रेरणादायक है। यह साझेदारी मुझे एक ऐसा मौका दे रही है जिससे पूरी जनरेशन पर असल पड़ेगा। रोहित शर्मा के निवेश पर कंपनी के फाउंडर



और सीईओ रोहित गजभिये कहते हैं, रोहित हम सभी को प्रेरित करते हैं। वो अब हमारे ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर जुड़े थे। अब एक निवेशक के तौर पर हमारे साथ आए हैं।

### क्या करती है कंपनी

हाल ही में लीव ने फाइनेंसियल सासा लॉन्च किया था। यह एजुकेशन सिस्टम में सभी तरह के लेने-देन के एक सभी तरह की सहायता प्रदान करता है। कंपनी लीव कार्ड जारी करती है। जिससे कोई भी छात्र या अभिभावक फीस या अन्य लेने-देने कैंपस के अंदर और बाहर कर पाएगा। कंपनी के प्रोडक्ट का लाभ लगभग 5 लाख छात्र उठा रहे हैं।

छात्रों को इस कार्ड के जरिए तत्काल लोन भी मिल जाता है। वहीं, समय से बिल का भुगतान करने पर कंपनी रिवार्ड प्वाइंट्स भी जारी करती है।

### श्री अधिकारी ब्रदस शेयर ने निवेशकों को चौंकाया, सालभर में ही 1 लाख को बना दिया 2 करोड़

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। यह शेयर श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर में लगातार 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह 222.50 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। पिछ्ले छह महीने में यह शेयर करीबन 9,000 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 2.50 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड के शेयर लगातार शानदार रिटर्न दे रहे हैं। कंपनी के शेयर पिछ्ले पांच दिन में 9 प्रतिशत, एक महीने में 50 प्रतिशत चढ़ गए हैं।

### भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है।

## ब्रिटेन में टाटा स्टील के कर्मचारी 40 साल में पहली बार करेंगे हड़ताल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा स्टील के ब्रिटेन ऑपरेशन में 2,800 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी है। वहीं, ब्रिटेन में टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारी 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। ये हड़ताल वेल्स के पोर्ट टैलबोट और लैनवर्न में स्थित प्लांट्स में कंपनी की 2,800 कर्मचारियों की छंटनी और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने के विरोध में हो रही है।

यूनाइट द यूनियन ने कहा कि यह 40 सालों में पहली बार है कि ब्रिटेन में स्टील कर्मचारियों ने टाटा स्टील यूके के संचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करने के मकसद से हड़ताल की है। यूनियन के सदस्यों ने पहले ही इस सप्ताह की शुरुआत में नियमानुसार काम करना और ओवरटाइम बैन लगाना शुरू कर दिया था।

### नौकरियों में कटौती के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल


यूनाइट द यूनियन ने एक बयान में कहा, टाटा के पोर्ट टैलबोट और लानवर्न में स्थित लगभग 1,500 कर्मचारी कंपनी की 2,800 नौकरियों में कटौती और इसके ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

### 'स्टील इंडस्ट्री को बचाने के लिए लड़ाई'

यूनाइट की महासचिव शेरोन ग्राहम ने कहा, टाटा के कर्मचारी केवल अपनी नौकरियों के लिए नहीं लड़ रहे हैं। वे अपने समुदायों के भविष्य और वेल्स में स्टील इंडस्ट्री के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जब तक टाटा अपनी विनाशकारी योजनाओं को रोक नहीं देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। यूनाइट वेल्स स्टील इंडस्ट्री को बचाने के लिए लड़ रहा है और टाटा के कर्मचारियों की ऐतिहासिक लड़ाई में उनका पूरा समर्थन कर रहा है, जिसके वे हकदार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पैट कमिंस को इस विश्व कप में लगातार 2 मैच मिले, दोनों में हैट्रिक



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर 8 चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली 2 गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय के विकेट लिए थे। आस्ट्रेलिया को हालांकि अफगानिस्तान ने 21 रन से हरा दिया। कमिंस पहले से ही ब्रेट ली (2007), कर्टिस कैंपर (2021), वानिंदु हसरंगा (2021), कैगिसो रबाडा (2021) के साथ पुरुष टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सात खिलाड़ियों के शानदार समूह के सदस्य हैं। कार्तिक मयप्पन (2022) और जोश लिटिल (2022) भी यह कारनामा कर चुके हैं।

कमिंस ने पारी के ब्रेक में कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलने के बाद लगातार 2 हैट्रिक लगाना सुखद है। उन्होंने कहा कि विश्व कप में अब मुझे लगातार दो मैच मिले और मेरी गेंदबाजी अच्छी रही। मुझे लगा कि उन्होंने शुरूआत में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन मैंने यह भी सोचा कि हमने सीमाएं सीमित कर दी हैं। कुल मिलाकर हमारा अच्छा गेंदबाजी प्रयास रहा। क्षेत्र में हमारा सबसे साफ़ दिन नहीं था। कुल मिलाकर खुश हूं।

**मिशेल मार्श गरजे**

### भारत के खिलाफ दबाव होगा लेकिन ऑस्ट्रेलिया दबाव में अच्छा खेलता है



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले करो या मरो मैच में शानदार वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में अफगानिस्तान से 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया को अब भारत के खिलाफ सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अच्छा नेट रन रेट भी बनाए रखना होगा।

मार्श ने संवाददाताओं से कहा कि यह महत्वपूर्ण मैच है जो भारत के खिलाफ होगा और इसमें हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर हमारी इस टीम के इतिहास को देखें तो हमारे खिलाड़ी दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से इसके लिए पूरी तरह तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चीजें अब स्पष्ट हैं। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हमारे पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और मेरा मानना है कि हम सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। हमें सब कुछ भूलकर आगे बढ़ना होगा और अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ हार से ऑस्ट्रेलिया का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आठ मैच का विजय अभियान थम गया। मार्श ने कहा कि हमें इस हार से वापसी करनी होगी। हमारा अपने इन खिलाड़ियों पर बहुत भरोसा है। हमारी टीम बहुत अच्छी है लेकिन आज का दिन हमारा नहीं था लेकिन सकारात्मक बात यह है कि हमें 36 घंटे के अंदर वापसी करने का मौका मिल रहा है।

# भारत का सेमीफाइनल खेलना लगभग तय

## आज ऑस्ट्रेलिया से पुराना बदला लेने का सुनहरा मौका

**भारत से हारते ही टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है ऑस्ट्रेलिया**

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार यानी 24 जून को ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेले जाने वाला यह मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' जैसा होगा क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाफ हार ने उसके सारे समीकरण बिगाड़ दिए हैं। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है।

**ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ना होगा** – अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाए। तीन सुपर आठ मैच एक एक दिन के अंतर पर खेलने की दशा में टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट कर सकता था, लेकिन इसकी संभावना नहीं दिख रही। शनिवार की रात यहां पहुंची भारतीय टीम ने




अभ्यास नहीं किया। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाए जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सकारात्मक बात हार्दिक पंड्या का हरफनमौला प्रदर्शन रही है, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के जौहर दिखाए हैं। कुलदीप यादव की फिरकी भी कैरेबियाई पिचों पर असरदार साबित हो रही है।

**कंगारुओं के लिए करो या मरो** – डेरेन सैमी स्टेडियम पर यह दूसरा दिन का मैच होगा। दिन रात के मैचों में बड़े स्कोर बने हैं, लेकिन पिछले मैच में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 164 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी थी। ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी के 'फ्लॉप शो' के बाद काफी सुधार करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग में लचर प्रदर्शन भी हैरान करने वाला था। यह देखना रोचक होगा कि कोहली लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते हैं जो कई मौकों पर उनका विकेट ले चुके हैं।

**भारत का स्क्वॉड** – रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड-** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

**अभी तो पार्टी शुरू हुई है**

## आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद बस में चैंपियन सॉन्ग पर अफगानिस्तान टीम का डांस

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम जश्न मनाने के मूड में है और हो भी क्यो न! इस टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के प्रबल दावेदार में से एक ऑस्ट्रेलिया को हरा जो दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी और उनके गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक स्पेशल वीडियो शेयर किया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में फैंस को बस से अफगानिस्तान टीम के जश्न की झलक भी मिली। यह खुशी और जश्न का माहौल था क्योंकि बैकग्राउंड में ब्रावो का मशहूर चैंपियन गाना बज रहा था। पूरी टीम ने गाने की मधुर धुनों पर डांस किया और साथ ही हुक-स्टेप भी किए, जो फैंस के बीच वास्तव में लोकप्रिय रहा है।



**अफगानिस्तान के लिए ऐतिहासिक दिन** – अफगानिस्तान 2022 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब आ चुकी थी, लेकिन उसे जीत तीसरी कोशिश में जीत मिली। इसी के साथ टी-20 इंटनेशनल में ऑस्ट्रेलिया की लगातार आठ जीत का सिलसिला भी टूट गया। अफगानिस्तान के लिए जीत की नींव सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने रखी, जिन्होंने मुश्किल पिच पर पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की। पैट कमिंस की हैट्रिक ने अफगानिस्तान को 148 रन पर रोक दिया। बाद में अनुभवी मीडियम पेसर गुलबदीन नईब की अगुवाई में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। गुलबदीन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-0-4-20 के आंकड़े के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**बदल गया सेमीफाइनल का सिनारियो** – अब टूर्नामेंट का सुपर आठ राउंड खत्म होने में सिर्फ चार मैच ही बचे हैं। ऐसे में ग्रुप-1 में, भारत चार अंकों और 2.425 के नेट रन रेट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जिसका टॉप-4 में पहुंचना तय माना जा रहा है। सोमवार को सेंट लूसिया में अगर ऑस्ट्रेलिया बड़े अंतर से भारत को हराता है तो वे भारत से आगे निकल जाएगा और यदि अफगानिस्तान सेंट विंसेंट में बांग्लादेश पर भारी अंतर से जीतते हैं तो वे भी आगे निकल सकते हैं। अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वे अपना सेमीफाइनल मैच 27 जून को गयाना में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए हालात बेहद खराब हैं क्योंकि वह दो अंक पर है और अफगानिस्तान से करारी हार के बाद उसका नेट रन रेट +0.223 हो गया है।

## नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था।



नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल (एडीडीपी) ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा कि यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थाई रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

## हम बहुत स्मार्ट हैं, हम बल्ले और गेंद से अच्छे रहे : रोहित शर्मा

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई है। टीम इंडिया का सेमीफाइनल लगभग तय हो गया है। लेकिन उन्हें इसे पक्का करने के लिए



गुयाना के मैदान पर उतरना ही होगा। क्या कोई उन्हें रोक सकता है? यह टूर्नामेंट के आगे बढ़ने पर हमें पता चल जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ अहम जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की तारीफ की है। रोहित ने साफ शब्दों मे कहा कि सभी खिलाड़ियों का मिला जुला प्रदर्शन ही उन्हें आगे लेकर जा रहा है।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद बल्लेबाजी में आक्रमण रुख अपनाने पर कहा कि मैं लंबे समय से इस बारे में बात कर रहा हूं। हमें मैदान पर जाकर अपना काम करना होगा। आज सब कुछ ध्यान में रखते हुए हमने परिस्थितियों के अनुरूप ढलकर वास्तव में अच्छा खेला। यहां थोड़ा हवा का प्रभाव है, कुल मिलाकर हम बहुत स्मार्ट हैं, कुल मिलाकर हम बल्ले और गेंद से अच्छे थे। सभी 8 बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभानी होगी, चाहे वह कुछ भी हो। हमने देखा कि एक खिलाड़ी ने 50 रन बनाए और अब हम 197 रन तक पहुंचे।

रोहित ने कहा कि टी20 में मुझे नहीं लगता कि हमें अर्द्धशतक और शतक बनाने की जरूरत है, मायने यह रखता है कि आप गेंदबाजों पर कितना दबाव डालते हैं। शुरू से ही सभी बल्लेबाज इसी तरह खेले। टीम में काफी अनुभव है। वहीं, हार्दिकि के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि मैंने पिछले गेम में भी कहा था, उसकी अच्छी बल्लेबाजी हमें अच्छी स्थिति में लाती है। हम शीर्ष 5, 6 के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम जानते हैं कि हार्दिक क्या करने में सक्षम है। वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, अगर वह ऐसा करना जारी रखता है तो यह हमें अच्छी स्थिति में पहुंचा देगा। उत्साह और अगर हम गेंदबाज के साथ कुछ चर्चा करते हैं और जब वह सामने आता है, तो यह अच्छा है।

## मुंबई में तब नींद नहीं आई थी, अब अच्छे से सो पाऊंगा: राशिद खान

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। अफगानिस्तान ने सुपर 8 चरण के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

पिछले साल नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर 7 विकेट गंवाने के बाद जीत के लिए 292 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में मैक्सवेल ने चोटिल होने के बावजूद 128 गेंद में 21 चौके और 10 छक्के की मदद से नाबाद 201 रन की बेहतरीन पारी खेली थी।

राशिद ने टी20 विश्व कप में उलटफेर करने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि मैं अब अच्छे से सो पाउंगा। उस रात को मैं ठीक से सोने नहीं सका



था। उस मैच की यादें हमेशा हमारे दिमाग में रहेगी। जाहिर है, मैं उस (सात नवंबर 2023) पूरी रात सो नहीं पाया था। लग रहा है कि आज भी ऐसा ही होगा। आज खुशी के मारे सो नहीं पाऊंगा। आज पूरी टीम खुश है। उन्होंने कहा कि युद्ध की मार झेल रहे देश के लोगों को जीत से जश्न मनाने का मौका मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की पहली जीत के बाद राशिद ने कहा कि एक टीम, एक राष्ट्र के रूप में यह हमारे लिए एक बड़ी जीत है। यह सिर्फ द्विपक्षीय खेल जैसा नहीं है. यह विश्व कप का मैच है और निश्चित रूप से विश्व कप में आप सर्वश्रेष्ठ टीम को हरा रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी टीम 2021 विश्व कप के विजेता हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की टीम को हराना यह आपको हमेशा बहुत अधिक ऊर्जा देता है और आपको सोने भी नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि मैंने पहले कहा था अफगानिस्तान में क्रिकेट लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का एकमात्र स्रोत है। वहां लोग इसी का जश्न मना सकते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम यहां अपने घर में लोगों को यह खुशी दे रहे हैं। हम शायद ही अपने घर में इस तरह के आयोजन देखते हैं जहां वे जश्न मना सकें और उन पलों का आनंद उठा सकें। यह कुछ ऐसा है जो वास्तव में मुझे संतुष्ट करता है। भारतीय टीम ने अगर अपने अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हरा दिया तो अफगानिस्तान के पास सुपर आठ में पहुंचने का मौका होगा।

### ज्वेरेव को हराकर ह्यूबर्ट हर्काज हाले के फ़ाइनल में

**हाले, एजेंसी।** पूर्व चैंपियन ह्यूबर्ट हर्काज ने शनिवार को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर टेरा वोर्टमैन ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। हर्काज ने ज्वेरेव को 7-6(2), 6-4 से हराया और अब वह सत्र के अपने दूसरे खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। पांचवीं सीड पोलिश खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव के खिलाफ 17 एस लगाए और सभी चार ब्रेक अंकों को बचाया। उन्होंने इस जीत के साथ अपनी पांचवीं टॉप 10 ग्रास कोर्ट जीत हासिल की। एक घंटे 33 मिनट की जीत के साथ हर्काज ने ज्वेरेव के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में अपना रिकॉर्ड 1-3 कर लिया है। यह उनका 11 वां टूर स्तर फ़ाइनल है और वह अपने नौवें एटीपी टूर खिताब की उम्मीद करेंगे जब उनका रविवार को टॉप सीड जानिक सिनर या चीन के झांग झीझेन से मुकाबला होगा।

## मैं ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करता हूं : कुलदीप यादव

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है । पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिए लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिए काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी20 विश्व कप में भी। अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं।



उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिए और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब वह आप पर हमले की कोशिश करें तो आपके पास रणनीति होनी चाहिए। ऐसे में विकेट लेने की संभावना अधिक होती है।

कुलदीप ने संकेत दिया कि उन्हें वेस्टइंडीज में टीम संयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका में नहीं खेला। मैं वहां 12वां खिलाड़ी था और ड्रिंक्स लेकर जा रहा था। यह खेलने जैसा ही था। मैंने वहां गेंदबाजी नहीं की लेकिन करना चाहता था। उन्होंने कहा कि वहां विकेट आस्ट्रेलिया की तरह था। मैंने यहां 2017 में टी20 और वनडे में पदार्पण किया और मुझे हालात का पता था। स्पिनर के लिए यहां गेंदबाजी करना अच्छा अनुभव है।

## बॉल निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए विराट कोहली

**एंटीगुआ (एजेंसी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर अपनी अदाओं के कारण चर्चा में रहे हैं। एंटीगुआ के मैदान पर जब भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 8 का अहम मुकाबला खेल रही थी तब भी विराट चर्चा में रहे। हुआ यूं कि कोहली बाऊंड्री रोप पर फील्डिंग कर रहे थे। 18वें ओवर में रियाद महमुदुल्लाह ने एक जोरदार छक्का लगाया जो मैदान के बाहर चला गया। गेंद बाऊंड्री रोप से बाहर बनी एक छोटी सी स्टेज के नीचे चली गई। क्योंकि वहां कोई बॉल ब्वॉय नहीं था ऐसे में विराट खुद ही गेंद लेने के लिए निकले। गेंद स्टेज के नीचे थे ऐसे में विराट झुके और अंदर घुसते हुए गेंद निकाल लाए। विराट की यह अदा क्रिकेट फैंस को बेहद पसंद आई। घटनाक्रम की वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो फैंस ने इसपर जमकर प्यार बरसाया।



**विश्व कप में विराट कोहली बना चुके 3000 रन** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एंटीगुआ में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन बनाने के साथ ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में खराब प्रदर्शन के कारण निंदा झेल रहे कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 28 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली। कोहली अब टी20 और वनडे विश्व कप के इतिहास में 3000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैच से पहले विराट को इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए 35 रनों की जरूरत थी। देखें आंकड़े-

**टी20 और वनडे विश्व कप में सर्वाधिक रन**

1. विराट कोहली – 3002 रन
2. रोहित शर्मा– 2637 रन
3. डेविड वार्नर– 2502 रन
4. सचिन तेंदुलकर– 2278 रन
5. कुमार संगकारा– 2193 रन

# पानी पर और बढ़ी तकरार, आतिशी नहीं पीछे हटने को तैयार; एलजी बोले- आपदा में अवसर खोज रही आप सरकार





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल संकट को लेकर छिड़ा सियासी रण अब और भीषण हो चला है। पानी पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल के बीच तकरार और बढ़ गई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी जहां अब पीछे हटने को तैयार नहीं हैं, वहीं एलजी आप पर आपदा में अवसर खोजने का आरोप लगा रहे हैं।

हरियाणा से दिल्ली के लिए पर्याप्त पानी न दिए जाने के विरोध में दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का भोगल में अनशन शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने एक बार फिर हरियाणा सरकार पर दिल्ली के पानी में जानबूझकर कटौती करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड से पानी के आंकड़े मंगवाए और कहा कि शुक्रवार को दिल्ली के लिए हरियाणा से 110 एमजीडी पानी कम मिला है। आतिशी ने कहा कि जब तक हरियाणा से दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक अनशन जारी रहेगा।

बूंद-बूंद पानी के लिए तरस लोग : आतिशी ने अपने अनशन के दूसरे दिन भोगल के शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह मंच पर पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि 100 एमजीडी पानी कम मिलने से दिल्ली के 28 लाख लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल बोर्ड के आंकड़ों से पता चला है कि शुक्रवार को हरियाणा ने दिल्ली को 110 एमजीडी पानी कम दिया है। दो दिन से अनशन पर बैठीं जल मंत्री के स्वास्थ्य का परीक्षण करने पहुंचे डॉक्टरों ने बताया कि आतिशी वजन में 700 ग्राम की कमी आई है।

**'यह राजनीति करने का समय नहीं' :** राजधानी में जल संकट को लेकर चल रही राजनीति पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में पानी की आपूर्ति एक चुनौती बन गई है, लेकिन दिल्ली के नेताओं ने राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए पड़ोसी राज्यों पर दोषारोपण कर इस संकट को अवसर में बदल दिया है। यह राजनीति करने का समय नहीं है।

उपराज्यपाल ने कहा है कि नेताओं के इस रवैये से दिल्लीवालों की समस्या और बढ़ गई है। राजनीति के चलते पानी की कमी से जूझ रहे पड़ोसी राज्यों में भी नाराजगी है। पीने के पानी की आपूर्ति के लिए दिल्ली पूरी तरह से उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर निर्भर है। अंतरराज्यीय जल बंटवारे की व्यवस्था भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की ओर से बनाए गए संस्थागत तंत्र के माध्यम से तय की जाती है। इस ढांचे के तहत हस्ताक्षरित समझौतों के अनुसार राज्य पानी छोड़ने के लिए बाध्य हैं। इसी तरह सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि शहर में समान आपूर्ति हो और जल संसाधन का बेहतर ढंग से उपयोग हो। सरकार ने न तो जल नेटवर्क में सुधार और क्षमता में वृद्धि की है और ना ही बातचीत का रास्ता चुना है। उपराज्यपाल ने कहा कि यह अजीब लगता है कि राजनीतिक रूप से चुनी गई सरकार ऐसा व्यवहार करती है, मानो वह हमेशा से विपक्ष में है। आप सरकार द्वारा केंद्र सरकार, अन्य राज्य सरकारों और अपने मंत्रियों के नेतृत्व वाले विभागों के खिलाफ मुकदमेबाजी का सहारा लेती है। आप सरकार की ओर से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में ऐसे लगभग 20 मामले दायर किए गए हैं। यह हैरान करने वाली बात है कि 10 वर्षों से दिल्ली में चल रही सरकार ने जल शोधन क्षमता बढ़ाने के लिए कोई कार्य नहीं किया। दिल्ली में पानी की पाइपलाइन पुरानी हो चुकी हैं और कई जगहों पर लीकेज की समस्या है। दिल्ली जल बोर्ड को पुरानी पाइप लाइन बदलने के साथ लीकेज ठीक करने पर काम करना चाहिए।

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि दिल्ली के इतिहास में कभी हरियाणा सरकार द्वारा जल आपूर्ति को इस तरह से प्रभावित नहीं किया गया है, लेकिन फिर भी दिल्ली के उपराज्यपाल इन तथ्यों को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के उपराज्यपाल से सहमत हैं कि शासन सौहार्दपूर्ण माहौल में चलाया जाना चाहिए, लेकिन हम यह समझने में असमर्थ हैं कि भाजपा शासित हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को करीब 100 एमजीडी पानी कम दिया जा रहा है। मैं और मंत्री आतिशी उपराज्यपाल से मिलने के लिए गए थे। उन्होंने तीन कैमरे लगाकर बैठक को रिकॉर्ड भी किया। वह उस बैठक की रिकॉर्डिंग को जारी कर दें।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटियों के लिए आईटीआई में पढ़ाई मुफ्त, आर्थिक सहायता भी मिलेगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए एकमुश्त 2500 रुपये वार्षिक और 1000 रुपये उपकरण खरीदने के लिए देने की योजना शुरू की है। लड़कियों के लिए आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई भी निशुल्क है। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निदेशालय ने आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 जून से बढ़ाकर 25 जून कर दी है। निदेशालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। जिले में करीब आठ आईटीआई में करीब 21 ट्रेड में करीब 2274 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। बीते दिनों ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल में तकनीकी खामी के चलते छात्रों को खासी दिक्कत हुई थी, इसके चलते निदेशालय को अंतिम तिथि बढ़ानी पड़ी। प्रदेश भर के करीब 379 आईटीआई। इनमें करीब 195 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और करीब 184 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मूक एवं बधिर कल्याण केंद्र में इंजीनियरिंग व गैर-इंजीनियरिंग व्यवसाय में इन दिनों ऑनलाइन आवेदन जारी है। जिले में यूं तो 8 आइटीआई में से दो आईटीआई पूरी तरह से लड़कियों के लिए हैं, लेकिन अन्य छह आईटीआई में भी 30 फीसदी सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित हैं। आईटीआई में आठवीं, दसवीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए अलग-अलग कोर्स मौजूद हैं। आईटीआई के कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओमप्रकाश का कहना है कि आईटीआई युवाओं के लिए भविष्य की राह आसान कर देती है। दो वर्ष का किसी भी ट्रेड में कोर्स करने पर डिप्लोमा के दूसरे साल में सीधे दाखिला मिल जाता है।

### घर से निकाल देंगे डेढ़ करोड़ का सोना ; मौलाना ने पति-पत्नी को जाल में फंसा ऐसे की ठगी

**रांची एजेंसी।** झारखंड के रांची के रातू थाना क्षेत्र के केशवनगर निवासी ठेलावाले अशोक साहू और उसकी पत्नी ललिता देवी से एक मौलाना अयूब हरियाणा निवासी ने 3.40 लाख रुपए की ठगी कर ली। बताया जाता है कि मौलाना घर से डेढ़ करोड़ रुपए का सोना निकालने के नाम पर रुपए की ठगी की है। ठगी में मौलाना का साथ उसका साला सहमत अंसारी और ठगी का शिकार अशोक साहू के चचेरे ससुर विजय साहू ने भी दिया। शनिवार को सोना निकालने का दिन था, परंतु मौलाना केशवनगर आया और सोना निकालने से इनकार कर दिया। इसके बाद अशोक साहू की पत्नी ललिता देवी ने उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान एक युवक वहां पहुंचा उसने कहा कि रुको मैं आदमी लेकर आ रहा हूं तो उसकी भी स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की जानकारी रातू थाना को दी गई। समाचार लिखे जाने तक इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। पीड़ित अशोक साहू ने बताया कि 10 माह पहले अगस्त में मेरी मुलाकात मौलाना अयूब से हुई, उसके साथ मेरा चचेरा ससुर भी साथ था। दोनों ने जादू-टोना का भय दिखाकर 3.40 लाख रुपये ले लिया। मौलाना ने कहा डेढ़ करोड़ रुपये का सोना तुम्हारे घर से निकाल कर देंगे। इसके बाद घर में आठ फीट गड्ढा करवा कर उसमें एक घड़ा डाला, जिसे कभी नहीं निकालने की बात कही उसने कहा कि घड़ा हम ही निकालेंगे। शनिवार को सोना निकालने के लिए आया फिर उसने कहा कि आज सोना नहीं निकलेगा अभी 15 दिन और लगेगा। उसकी बातों से ठगी का शिकार परिवार गुस्से में आ गया और मौलाना अयूब, सहमत अंसारी और विजय साहू की पिटाई कर दी। साला के साथ मांडर में रहता है मौलाना पीड़ित अशोक साहू के अनुसार मौलाना अयूब अभी मांडर के किसी गांव में अपने साला के साथ रहता है। उसके पास तीन आधार कार्ड है, किसी में उसका पता हरियाणा, किसी में दिल्ली और तीसरे में शायद झारखंड या बंगाल है। इस मामले की रातू पुलिस जांच कर रही है।

### नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के पांच स्कूलों के प्राचार्यों से पूछताछ

**हजारीबाग , एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग एक बार फिर देश स्तर पर चर्चा में आ गया है। पटना में नीट पेपर के जले बुकलेट बरामद हुए हैं। इनके हजारीबाग सेंटर से लीक होने की आशंका पर बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू ) की तीन सदस्यीय टीम हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग में इस बार नीट की परीक्षा के लिए पांच सेंटर बनाए गए थे। इनमें लोहसिंघना थाना क्षेत्र स्थित ओएसिस स्कूल नया सेंटर के रूप शामिल हुआ था। अन्य स्कूलों में डीएवी, संतजेवियर्स, रामकृष्ण विवेकानंद और हॉलीक्रॉस थे। डीएवी से इस बार 840 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा दी। इस स्कूल में 2022 से जब से परीक्षा हो रही है तब से नीट की परीक्षा ली जा रही है। बिहार से आई आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने प्राचार्य से फोन करके डिजिटल लॉक के बारे में पूछा। पूछा कि प्रश्न पत्र का डिजिटल लॉक कैसे खुला। प्राचार्या ने बताया कि पूरे भारत में डिजिटल लॉक नहीं खुलने की शिकायत थी। ऐसे में वरीय अधिकारी से आदेश लेकर डिजिटल लॉक तोड़ा गया।

# झारखंड में पानी पीने के बाद 20 स्कूली बच्चे बीमार, टंकी में दिखा सफेद रंग का पाउडर

**चंदवा (लातेहार) एजेंसी।** झारखंड के चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डुरु में सिंटेक्स का गंदा पानी पीने से शनिवार को दस बजे करीब 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई । पहीं उन्हें उल्टी और चक्कर आने लगे। आनन-फानन में सभी आक्रांत बच्चों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां डॉ तरुण जोश लकड़ा ने उनका इलाज किया। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे फिलवक्त खतरे से बाहर हैं।

**पानी से बदबू आने की शिकायत :** प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बच्चे भोजन करने के बाद स्कूल में लगी टंकी का पानी को पीने लगे। पानी पीने के बाद कई बच्चों ने पानी से बदबू आने की शिकायत की। इसके बाद कई बच्चों को उल्टी होने लगी। स्थिति को देखते हुए शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। पानी की टंकी में कुछ पदार्थ मिले होने की आशंका

इस संबंध में स्कूल के शिक्षक ने बताया कि टंकी के पानी पीने के बाद बच्चों ने बताया कि पानी में बास आ रही थी। इसके बाद उन्होंने टंकी में झांकर देखा तो उसमें सफेद पाउडर का अंश नजर आया। शिक्षकों ने पानी का सैम्पल लेकर उसे चिकित्सको को सौंप दिया गया।


अस्पताल पहुंचे बीडीओ-सीओ इस मामले की सूचना पाते ही चंदवा बीडीओ चंदन कुमार और सीओ जयशंकर पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे व बच्चों का हाल जाना। विद्यालय के शिक्षकों से आवश्यक जानकारी ली। कहा कि उक्त पानी का सैम्पल लिया गया है। जांच के लिए भेजा जाएगा।

**पानी में डाला केमिकल बन सकता था जहर :** शनिवार को स्कूल के बच्चे पानी पीने के बाद अचानक से पेट दर्द और उल्टी लगने जैसे की शिकायत लेकर शिक्षक के पास जाने लगे। शिकायतें सुनकर शिक्षकों के भी होश उड़ गए। आनन फानन मे इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी गई और अस्पताल प्रबंधन को भी फोन किया गया। जब टंकी के ऊपर चढ़कर देखा गया टंकी के अंदर सफेद रंग का पाउडर नुमा कुछ केमिकल डाला हुआ है। शिक्षकों को किसी अनहोनी का संदेह हुआ उन्होंने तुरंत सभी को अस्पताल भेजा।

## घर में बंद कर पीटा, बाल काटे और पेशाब पिलाया; ग्रेटर नोएडा में टोने-टोटके के शक में महिला से दरिंदगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र के खेड़ी गांव में एक ठेकेदार के परिवार द्वारा टोने-टोटके के शक में एक महिला के साथ मारपीट कर उसके बाल काटे और पेशाब पिलाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपियों द्वारा शर्मनाक घटना का वीडियो भी बनाया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार, उसकी पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, पुलिस ने वीडियो बनाए जाने की बात से इनकार किया है। सूरजपुर पुलिस के मुताबिक, बिहार के पूर्णिया की रहने वाली मजदूर महिला खेड़ी गांव में किराये के मकान में रहती है। महिला का आरोप है कि बिहार का ही रहने वाला ठेकेदार ननूवा उर्फ नन्नू अपने परिवार के साथ उसके पड़ोस में रहता है। महिला ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार की एक बेटी बीमार रहती है। ठेकेदार और उसकी पत्नी को पीड़ित महिला पर शक है कि उसने उनके घर में कुछ टोना-टोटका करवा रखा है। इससे उनकी बेटी की तबीयत खराब रहती है। महिला का आरोप है कि इसी बात के शक में ठेकेदार के परिवार ने उसके साथ मारपीट की। परिवार के सदस्यों ने महिला को घर में बंद कर बुरी तरह पीटा। उसके बाल काटे और जबरन पेशाब पिलवाया। इतना ही नहीं आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया।

# ईडी के रडार पर आया एटीएस ग्रुप, 63 प्रोजेक्ट्स की रिपोर्ट तलब; इन 6 बिंदुओं पर मांगी जानकारी





**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नोएडा प्राधिकरण से एटीएस ग्रुप या उससे जुड़े 63 प्रोजेक्ट्स के बारे में छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। इनमें खुद एटीएस के नाम से 26 कंपनियां हैं। ईडी द्वारा जमीन आवंटन से लेकर बकाये तक के बारे में जानकारी मांगी है।

प्राधिकरण के सीईओ को भेजे पत्र में 28 जून तक जानकारी देने के लिए कहा है। आशंका है कि ईडी को एटीएस ग्रुप और अन्य कंपनियों के बीच लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर शिकायत मिली है, इसके चलते जानकारी मांगी गई है। ईडी के लखनऊ स्थित जोनल मुख्यालय के उपनिदेशक ज्वलिन तेजपाल की ओर से नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को परियोजनाओं से संबंधित जानकारी देने के लिए पत्र भेजा गया है। पत्र में 63 प्रोजेक्ट्स के नाम हैं। सचूना मांगने का आधार मनी लॉन्ड्रिंग बताया गया है। ईडी के इस पत्र के बारे में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि अभी यह पत्र सामने नहीं आया है। हो सकता है कि ऑफिस में डाक के जरिये आया हो। पत्र में, जो जानकारी मांगी गई है, उसको तय समय में उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस बारे में एटीएस के निदेशक गीतांबर आनंद के मोबाइल पर कॉल और मैसेज कर जानकारी मांगी गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। आम्रपाली और सुपरटेक मामले में पहले से ही चल रही जांच ईडी नोएडा से जुड़े अन्य बिल्डरों की परियोजनाओं को लेकर भी जांच कर रहा है। आम्रपाली, सुपरटेक, यूनिटेक के अलावा थ्रीसी बिल्डर की परियोजनाएं जांच के दायरे में हैं। पिछले महीने ही ईडी ने थ्रीसी की लोटस 300 और लोटस बुलेवर्ड को लेकर जानकारी मांगी थी।

खरीदार लगा रहे हेराफेरी का आरोप : शहर में करीब 70-80 हजार खरीदार फ्लैट पाने और 30 हजार से अधिक खरीदार रजिस्ट्री के इंतजार में हैं। समय पर परियोजनाएं पूरी न करने और रजिस्ट्री रुकी होने को लेकर खरीदार आए दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। खरीदार लगातार आरोप लगा रहे हैं कि बिल्डरों ने उनसे लिए धन को दूसरी परियोजनाओं या अन्य व्यवसाय में लगा दिया। बिल्डर ने पैसों की हेराफेरी कर उनके साथ धोखा किया है। खरीदारों को फ्लैट पर कब्जा दिलवाने और रजिस्ट्री कराने के लिए शासन ने अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को लागू कर रखा है। इसमें बिल्डरों को कोरोना काल के समय का दो साल का जीरो पीरियड का फायदा दिया जा रहा है। इसके बावजूद बड़े बिल्डर सहमति देकर बकाया जमा करने को आगे नही आ रहे हैं। इससे फ्लैट खरीदारों को इसका अधिक फायदा नही मिल पा रहा है। स्पोर्ट्स सिटी में भी मामला फंसा हुआ है। यहां खेल सुविधा विकसित नही करने पर प्राधिकरण ने रजिस्ट्री समेत कई प्रिक्रिया पर रोक लगा रखी है।

# गाजियाबाद में अब प्रॉपर्टी खरीदना होगा और महंगा, सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी शुरू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में अब प्रॉपर्टी खरीदना और महंगा होने जा रहा है। जिले में डीएम सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और सहायक महानिरीक्षक निबंधन की बैठक हुई। इसमें सर्किल रेट बढ़ाने से पहले सभी तैयारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उप निबंधक से संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से वार्ता कर नए प्रस्तावित सर्किल रेट का प्रस्ताव 15 जुलाई तक देने के लिए कहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट ने सभी सब रजिस्ट्रार को निर्देश दिए कि जिस क्षेत्र में बाजार दर सर्किल रेट से अधिक हैं उनकी जांच संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से वार्ता कर वृद्धि प्रस्ताव दिया जाए। सर्किल रेट में सेगमेंट का फिर से परीक्षण किया जाए। यदि किसी नए सेगमेंट की आवश्यकता है तो उसे प्रस्ताव में शामिल किया जाए। ऐसे क्षेत्र मुख्य मार्ग जिनमें व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है उनमें नए सेगमेंट का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। वहीं, दूसरी ओर गाजियाबाद में जीडीए की जिन योजनाएं में बड़े प्लॉट खाली पड़े हैं, उन्हें छोटा कर बेचा जाएगा। इसके लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ऐसे प्लॉटों की सूची तैयार कर रहा है, ताकि उन्हें बेचने की योजना तैयार हो सके। जीडीए की विभिन्न योजनाओं में दो हजार वर्ग मीटर से बड़े और छोटे प्लॉट खाली पड़े हैं। बड़े प्लॉटों में ग्रुप हाउसिंग से लेकर व्यवसायिक समेत अन्य लैंड यूज वाले प्लॉट मौजूद हैं। यह प्लॉट करीब दस साल से नहीं बिक सके हैं। अब प्राधिकरण इन प्लॉटों को बेचने के लिए सूची तैयार करेगा, ताकि इनका लैंड यूज देखा जा सके। जरूरत पड़ने पर लैंड यूज भी परिवर्तित किया जाएगा : खाली पड़े प्लॉटों के लैंड यूज के आधार पर इन्हें छोटा करने की योजना बनेगी। जरूरत पड़ी तो इनके लैंड यूज भी में बदलाव किया जा सकता है। जीडीए के अपर सचिव बताते हैं कि प्राधिकरण की संपत्ति खरीदने में लोग रुची दिखा रहे हैं। ऐसे में इन प्लॉटों को भी बेचने की योजना बनाई जा रही है।

# जून की कमी जुलाई में पूरी करेगा मॉनसून, ला नीना के कारण होगी मूसलाधार बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाखों लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना कर पड़ा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए अपने खेतों में पानी का इंतजार है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने नए पूर्वानुमान में कहा है कि मॉनसून 3 जुलाई तक पूरे देश में फिर से बढ़ना शुरू करेगा और उत्तर-पश्चिम भारत में बरसने लगेगा। इससे दिल्ली के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रमुख राज्य शामिल हैं। आपको बता दें कि 11 जून के बाद से मॉनसून की रफ्तार सुस्त हो चुकी है। गुरुवार को मध्य भारत के कुछ हिस्सों में ही यह थोड़ा आगे बढ़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, हमें जुलाई के पहले सप्ताह के आसपास अच्छी रिकवरी की उम्मीद है और जून से हुई कमी उस अवधि के दौरान पूरी हो जाएगी। अगले 3-4 दिनों के दौरान मॉनसून के गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों, झारखंड के कुछ हिस्सों, बिहार के कुछ और हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। मौसम एजेंसी ने यह बी भविष्यवाणी की है कि 27 जून से यह उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में जोर पकड़ेगा। आईएमडी के पूर्वानुमान में कहा गया है, इस दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधि सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। ला नीना कराएगा भारी बारिश आईएमडी ने यह भी कहा है कि वर्तमान में अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की स्थितियां बनी हुई हैं। अगस्त के आसपास ला नीना विकसित होने की उम्मीद है। अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र का चक्रीय वार्मिंग है, जो दुनिया भर के मौसम पर एक व्यापक प्रभाव डालता है। भारत में यह आमतौर पर कमजोर मॉनसून के मौसम का कारण बनता है। ला नीना इसके विपरीत घटना है। इसके कारण भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक बारिश होती है। मौसम विज्ञानी एम राजीवन ने कहा, मॉनसून फिर से सक्रिय हो रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह तक मॉनसून आ जाएगा। हमें अगले 2-3 सप्ताह तक अच्छी बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। सामान्य से अधिक मॉनसून वाली बारिश होगी। हमें अगस्त में ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। आपको बता दें कि मॉनसून की प्रगति लगभग नौ दिनों से रुकी हुई थी। शनिवार तक मॉनसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मंडला, पेंड्रा रोड, झारसुगुड़ा, बालासोर, हल्दिया, पाकुर, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजरी। आईएमडी को अगले 3-4 दिनों में उत्तरी अरब सागर, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने की उम्मीद है।

# बूंद-बूंद पानी को तरसती दिल्ली में नहाने के विवाद में 2 लोगों का कत्ल, कहीं दनादन चलीं गोलियां





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अशोक विहार स्थित जेलर वाला बाग इलाके में स्विमिंग पूल में नहाने को लेकर हुए विवाद में शुक्रवार देर रात नाबालिग समेत दो लोगों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पूछताछ के लिए छह युवकों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब एक सप्ताह पहले स्विमिंग पुल में हुए झगड़े को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। मृतकों में 17 वर्षीय विपुल और 18 वर्षीय विशाल शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, 17 वर्षीय विपुल उर्फ साहिल परिवार के साथ वजीरपुर की चंद्रशेखर आजाद जेजे कॉलोनी के सी ब्लॉक की गली नंबर 6 में रहता था। उसका परिवार मूल रूप से यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला है। विपुल के पिता राजाराम ने बताया कि विपुल ने नौवीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। एक माह पहले तक वह एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन कुछ दिन से काम नहीं कर रहा था। शुक्रवार रात घर के सभी सदस्य सो गए थे। इस बीच पड़ोसी विशाल उसे बुलाकर ले गया। सुबह करीब 3 बजे एक पड़ोसी ने बताया कि किसी ने विपुल को चाकू मार दिया है। यह सुनते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर, पड़ोस में रहने वाले 18 वर्षीय विशाल के घर में भी मातम पसरा हुआ है। उसका परिवार मूल रूप यूपी के जिला मऊ का रहने वाला है। वह परिवार के साथ डी ब्लॉक में रहता था। घर में पिता अशोक कुमार, माता मुन्नी देवी और बड़ा भाई बिट्टू हैं। अशोक ने बताया कि विशाल एक फैक्ट्री में काम करता था। बड़े भाई बिटटू ने बताया कि रात करीब 10 बजे सभी विशाल को खाना खाकर सो जाने की बोलकर छत पर चले गए थे। इस बीच रात करीब रात करीब साढ़े 10 बजे विशाल के पास किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से चला गया। इसके बाद पता चला कि नहर से करीब 500 मीटर दूर संकरी गली में विशाल और विपुल की हत्या कर दी गई है।

**खूनी झड़प हुई थी :** शुक्रवार रात विपुल और विशाल अपने दो-तीन दोस्तों को लेकर दूसरे पक्ष के दो भाइयों अनुज और सूरज के घर पर हमला करने गए थे। सूरज ने भी अपने दोस्तों को बुला लिया था। वहां दोनों पक्षों में खूनी झड़प हुई। इसमें विपुल और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने कहा, नशा बेचने के विरोध पर कहासुनी विशाल के भाई बिट्टू का आरोप है कि एरिया में बड़े पैमाने पर स्मैक और गांजा बेचने कर अवैध धंधा चल रहा है। इसमें इलाके के कुछ लोग शामिल हैं। ये इस अवैध धंधे को नाबालिगों के जरिये चलाते हैं। घर के सामने नशे की खरीद-फरोख्त पर विशाल ने टोका था, जिसकी वजह से विवाद हुआ था। इसी कारण आरोपियों ने हत्या को अंजाम दिया। दोनों को कमरे में बंधक बनाकर मारा गया। पानी सप्लाई को लेकर गोलियां चलीं वहीं, दिल्ली के ही जामिया नगर इलाके में 21 जून की रात पानी को लेकर दो गुटों में झगड़ा हो गया। इसमें चार लोग घायल हो गए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग की है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।